सशस्त्र सेना झंडा दिवस
7 दिसम्बर – 7 DECEMBER
ARMED FORCES FLAG DAY

दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

Civil Aviation DAY

वर्ष 53/ अंक 121/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | आर.एन.आई 22296/71 डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, गुरुवार 07 दिसंबर 2023 भोपाल से प्रकाशित | dainiksandhyaprakash.in


सांध्यप्रकाश विशेष

## मुख्यमंत्री चौहान ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर प्रदान की सहयोग राशि



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को मुख्यमंत्री निवास परिसर 'समत्व' भवन में सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर संचालक सैनिक कल्याण मप्र, ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्ति) अरुण नायर ने दिवस का प्रतीक ध्वज लगाया। मुख्यमंत्री चौहान ने अपनी ओर से सहयोग राशि तथा दिवस के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रदान की।

उल्लेखनीय है कि भारतीय सशस्त्र सेनाओं के सैनिक देश की रक्षा, आंतरिक सुरक्षा और प्राकृतिक आपदाओं में कर्त्तव्य पालन करते हुए वीरगति को प्राप्त हो जाते हैं। इन सैनिकों को स्मरण करने, सम्मान देने तथा देश के नागरिकों द्वारा सैनिकों के प्रति सम्मान भाव प्रकट करने के लिए वर्ष 1949 से प्रतिवर्ष 7 दिसंबर , सशस्त्र सेना झंडा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस पर मोटर वाहनों में लगने वाले कार ध्वज तथा प्रतीक ध्वज वितरित करने से संग्रहित राशि से शहीद सैनिकों के आश्रित परिजन, दिव्यांग सैनिकों, पूर्व सैनिकों, सेवारत सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण एवं पुनर्वास से संबंधित आर्थिक सहायता योजनाएँ संचालित की जाती हैं।

## तीन राज्यों की जीत पर सांसदों ने किया प्रधानमंत्री का स्वागत

# यह जीत किसी की निजी जीत नहीं बल्कि संगठन की जीत: मोदी

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा की बंपर जीत को लेकर आज पार्टी के सांसदों ने पीएम मोदी का स्वागत किया। भाजपा के संसदीय दल की बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल समेत भाजपा के केंद्रीय मंत्री और सांसद पहुंचे। इस दौरान जब पीएम मोदी बैठक के लिए पहुंचे तो सांसदों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान सांसदों ने मोदीजी का स्वागत है के नारे भी लगाए।

भाजपा के संसदीय दल की बैठक के दौरान पीएम मोदी ने तीन राज्यों की जीत पर बधाई देते हुए कहा कि यह पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत का नतीजा था कि भाजपा को विजयी मिली। पीएम ने कहा कि सभी सांसदों को 22 दिसंबर से 25 जनवरी तक चलने वाली विकास भारत संकल्प यात्रा में हिस्सा लेना है। तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर मोदी ने कहा कि यह जीत किसी की निजी जीत नहीं, बल्कि संगठन की जीत है। पीएम ने कहा कि मुझे मोदीजी बुलाकर जनता से दूर न किया जाए। मैं मोदी हूं।

बैठक में हुई चर्चाओं का ब्योरा देते हुए केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा, आज



भाजपा के संसदीय दल की बैठक हुई। जिसमें पीएम मोदी ने चक्रवात से प्रभावित लोगों के लिए और जिनके साथ दुखद घटनाएं घटी उनके प्रति संवेदना व्यक्त की। प्रह्लाद जोशी ने विधानसभा चुनाव के नतीजों पर हुई चर्चा को लेकर कहा, तीन राज्यों के साथ मिज़ोरम और तेलंगाना में भी भाजपा का बल बहुत बढ़ चुका है...तीन राज्यों में हमारी सरकार चुनी जा चुकी है और वहां पर हमारी सरकार बनाई जा रही है।

बैठक के दौरान भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच प्रधानमंत्री को माला पहनाकर उनका स्वागत किया। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, नरेंद्र तोमर, प्रहलाद सिंह पटेल सहित कई केंद्रीय मंत्री और पार्टी के सांसद मौजूद थे। भाजपा संसदीय दल की बैठक में पार्टी के सभी लोकसभा सदस्य राज्यसभा सदस्य शामिल होते हैं। बैठकों में पीएम मोदी समेत भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेता संसदीय एजेंडे और पार्टी के संगठनात्मक और राजनीतिक अभियानों से जुड़े अलग-अलग मुद्दों पर अपनी बात रखते हैं।

### राजस्थान में सीएम पद को लेकर असमंजस

राजस्थान बीजेपी में यह पहला मौका है, जब मुख्यमंत्री को लेकर असमंजस बना है। इससे पहले कभी ऐसा नहीं हुआ। बीजेपी मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करके ही चुनाव लड़ती रही है, इसलिए कभी नतीजे आने के बाद असमंजस नहीं हुआ। पहले भैरोंसिंह शेखावत बीजेपी के सीएम चेहरे हुआ करते थे। 2003, 2008, 2013 और 2018 के विधानसभा चुनावों में वसुंधरा राजे पहले से सीएम चेहरा घोषित थीं, इसलिए असमंजस नहीं हुआ था। वहीं बुधवार देर रात पूर्व सीएम वसुंधरा राजे दिल्ली पहुंचीं। रात करीब साढ़े 10 बजे वे जयपुर एयरपोर्ट से निकली थीं। बताया जा रहा है कि वे गुरुवार को संगठन के नेताओं से मुलाकात करेंगी। हालांकि दिल्ली बुलाने के कयासों के बीच वसुंधरा ने एयरपोर्ट पर कहा- मैं बहू से मिलने जा रही हूं।

### शिवराज श्योपुर दौरे पर



इस सबके बीच सीएम शिवराज सिंह चौहान आज श्योपुर दौरे पर हैं। कल यानी 6 दिसंबर को शिवराज छिंदवाड़ा में थे। उनका फोकस विधानसभा चुनाव में हारी हुई सीटों पर है। छिंदवाड़ा की 7 सीट कांग्रेस के खाते में गईं। श्योपुर की 2 सीट भी कांग्रेस को मिलीं।

### मध्यप्रदेश में शिवराज के साथ चार विकल्प

भाजपा ने संकेत दिए हैं कि मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री पद के लिए मौजूदा सीएम शिवराज सिंह चौहान के साथ पार्टी नए चेहरों के विकल्प पर भी जा सकती है। पार्टी के शीर्ष नेताओं की बैठक के बाद इन अटकलों को बल मिला है। फिलहाल, नाम फाइनल करने के लिए नतीजे आने के चौथे दिन आज भी मंथन चल रहा है। मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री पद के संभावित उम्मीदवारों की लिस्ट में नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद सिंह पटेल, कैलाश विजयवर्गीय, ज्योतिरादित्य सिंधिया और प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष वीडी शर्मा के नामों की चर्चा है। मंत्रिमंडल में जगह पाने के लिए भाजपा के कई बड़े नेता दिल्ली में डटे हुए हैं।

### वीडी शर्मा ने नरेंद्र तोमर को दी बधाई



इस बीच दिल्ली में केंद्रीय मंत्रीपद से इस्तीफा देने के बाद नरेंद्र सिंह तोमर को नई जिम्मेदारी के लिए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने शुभकामनाएं दीं। तोमर प्रदेश में मुख्यमंत्री पद के दावेदार हैं।

### छत्तीसगढ़ में 8 दिसंबर को विधायक दल की बैठक संभव

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री का चेहरा कौन होगा, इसका फैसला आज हो सकता है। पूर्व सीएम और भाजपा नेता रमन सिंह ने भी एक दिन पहले कहा था कि 3 दिन में फैसला हो जाएगा। इससे पहले बुधवार को विधानसभा चुनाव जीते 2 सांसदों- अरुण साव और गोमती साय ने लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है।

## कमलनाथ छोड़ सकते हैं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का पद

### कल दिल्ली में एआईसीसी की बैठक, मप्र में नए मुखिया पर रायशुमारी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद कमलनाथ प्रदेश अध्यक्ष के पद से इस्तीफे की पेशकश कर सकते हैं। ऐसा हुआ तो कांग्रेस को 6 साल बाद नया प्रदेश अध्यक्ष मिलेगा। कमलनाथ 2017 से इस पद पर हैं। हालांकि, इस मुद्दे पर अंतिम फैसला पार्टी आलाकमान ही लेगा।



शुक्रवार को मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में हार के कारणों और लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा के लिए बैठक बुलाई गई है। शाम 4.30 बजे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में होने वाली इस बैठक में तीनों राज्यों के पीसीसी चीफ, पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष मौजूद रहेंगे। सूत्रों के मुताबिक, इसमें तीनों राज्यों के लिए नए प्रदेश अध्यक्षों और नेता प्रतिपक्षों के नामों को लेकर भी चर्चा होगी। इससे पहले कमलनाथ ने बुधवार को दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। इस दौरान राहुल गांधी और केसी वेणुगोपाल भी मौजूद थे। बता दें कि पीसीसी चीफ ने विधानसभा चुनाव लड़े सभी पार्टी प्रत्याशियों से चुनाव की पूरी समीक्षा कर वैज्ञानिक ढंग से विश्लेषण करने को कहा है कि वे क्यों हारे और क्यों जीते? सभी प्रत्याशियों से 15 दिसंबर तक अलग-अलग रिपोर्ट भेजने को कहा है। इस रिपोर्ट को एआईसीसी को सौंपा जाएगा।

## रेवंत रेड्डी ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली

**हैदराबाद।** कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी ने 7 दिसंबर को तेलंगाना के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। भट्टी विक्रमार्क डिप्टी सीएम बनाए गए हैं। 11 मंत्री भी शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण कार्यक्रम एलबी स्टेडियम में हो रहा है। इसमें सोनिया गांधी, राहुल,




प्रियंका गांधी वाड्रा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल हुए।

तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन ने रेड्डी को सीएम पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। साल 2014 में आंध्र प्रदेश से अलग तेलंगाना के गठन के बाद रेवंत रेड्डी राज्य के दूसरे मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने चुनाव में मुख्यमंत्री केसीआर की पार्टी बीआरएस को हराया।

तेलंगाना कैबिनेट में मंत्री पद पाने वाले नेताओं में 1) कोंडा सुरेखा 2) कोमाटी रेड्डी वेंकट रेड्डी 3) जुपल्ली कृष्णा राव 4) भट्टी विक्रमार्क 5) उत्तम कुमार रेड्डी 6) पोन्नम प्रभाकर 7) सीताक्का 8) श्रीधर बाबू 9) थुम्मला नागेश्वर राव 10) पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी 11) दामोदर राजनरसिम्हा शामिल हैं। तेलंगाना में कांग्रेस ने 64 सीटों पर जीत हासिल की थी, वहीं बीआरएस 39 सीटों पर जीत हासिल कर सकी थी। आठ सीटों पर भाजपा और छह सीटों पर एआईएमआईएम ने जीत दर्ज की थी। एक सीट पर भाकपा ने जीत हासिल की थी।




भारत आदिवासी पार्टी से जीते एकमात्र विधायक कमलेश्वर डोडियार आज भोपाल में विधानसभा पहुंचे तो पहले विधानभवन को दंडवत प्रणाम किया। डोडियार सेलाना से 300 किमी. बाइक चलाकर भोपाल पहुंचे।

## तमिलनाडु में बाढ़ से 1.2 करोड़ लोग प्रभावित: स्कूल-कॉलेज लगातार चौथे दिन बंद



**चेन्नई।** बंगाल की खाड़ी से उठे मिचौंग तूफान के कारण आई बाढ़ से तमिलनाडु के 1.2 करोड़ लोग प्रभावित हुए हैं। चेन्नई, तिरुवल्लूर, कांचीपुरम और चेंगलपट्टू जिले में सबसे ज्यादा तबाही हुई।

गुरुवार को चेन्नई आने-जाने वाली 15 ट्रेनें कैंसिल की गई हैं। 4 दिसंबर से सभी स्कूल-कॉलेज बंद हैं। भारतीय वायु सेना के हेलिकॉप्टर से कल बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत सामग्री पहुंचाई गई।

डीएमके सांसद टीआर बालू ने संसद में बताया कि राज्य में 47 साल बाद ऐसे हालात बने हैं। तूफान की वजह से राज्य में 2 दिनों में 3 महीने की बारिश हुई। चेन्नई में एक दिन में सबसे ज्यादा 50 सेमी बारिश रिकॉर्ड की गई। इसके चलते आई बाढ़ से 20 लोगों की मौत हो चुकी है। शहर के कई हिस्सों में तीन दिन से बिजली और इंटरनेट बंद है। सीएम एमके स्टालिन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर 5060 करोड़ रुपए की मदद मांगी। पीएम मोदी ने एक्स (पहले ट्विटर) पर चक्रवात के चलते जान गंवाने वाले लोगों के प्रति संवेदना जताई।

## ओडिशा और झारखंड में आयकर विभाग की छापेमारी, मिला इतना कैश, गिनने वाली मशीन ही हो गई खराब

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने ओडिशा और झारखंड में बौध डिस्टिलरीज प्राइवेट लिमिटेड में छापेमारी की और कंपनी से जुड़े परिसरों से भारी मात्रा में नोट बरामद किए। अधिकारियों के अनुसार ओडिशा के बोलांगीर और संबलपुर तथा झारखंड के रांची, लोहरदगा में तलाशी जारी है। आयकर विभाग के सूत्रों के अनुसार कल तक 50 करोड़ रुपये तक के नोटों की गिनती पूरी हो चुकी है, लेकिन नोटों की संख्या इतनी अधिक है कि मशीनों ने काम करना बंद कर दिया है। शराब बनाने वाली कंपनी बौध डिस्टिलरीज प्राइवेट लिमिटेड के कई डिवीजनों पर गुरुवार को दूसरे दिन भी आयकर विभाग की छापेमारी जारी है। आयकर विभाग के अधिकारियों ने पश्चिमी ओडिशा में सबसे बड़ी देशी शराब निर्माता और




बेचने वाली कंपनियों में से एक बलदेव साहू एंड ग्रुप ऑफ कंपनीज के बोलांगीर कार्यालय में छापेमारी के दौरान 150 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी जब्त की। बलदेव साहू एंड ग्रुप ऑफ कंपनीज बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड (बीडीपीएल) की साझेदारी फर्म है, जिस पर कल भी छापा मारा गया था। ओडिशा में मुख्यालय वाला, बीडीपीएल समूह पूरे राज्य में काम करता है। इसके अन्य व्यावसायिक प्रभागों में बलदेव साहू इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड (फ्लाई ऐश ब्रिक्स), क्वालिटी बॉटलर्स प्राइवेट लिमिटेड (आईएमएफएल बॉटलिंग) और किशोर प्रसाद बिजय प्रसाद बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड (आईएमएफएल ब्रांडों की बिक्री और विपणन) आदि शामिल है।

## आईआईटी कानपुर की रिसर्च में खुलासा, नारकोंडम द्वीप के पास मिले तेल और गैस के संकेत

**कानपुर।** अंडमान निकोबार से 139 किलोमीटर दूर स्थित नारकोंडम द्वीप के पास सेडीमेंटरी बेसिन में गैस और तेल होने के संकेत मिले हैं। बेसिन में 10 किलोमीटर लंबी तरल परत मिली है, जिससे गैस और तेल मिलने की संभावना बढ़ गई है। यह खुलासा आईआईटी कानपुर के पीएचडी छात्र हर्षद श्रीवास्तव की रिसर्च में हुआ है।

दूसरे चरण की रिसर्च के बाद इस पर अंतिम मुहर लग जाएगी। अगर ऐसा होता है तो देश को आर्थिक मजबूती मिलेगी। हर्षद का यह रिसर्च पेपर जर्मनी की पत्रिका जीओ-मरीन लेटर में अक्तूबर में प्रकाशित हुआ है।



आईआईटी के अर्थ साइंस विभाग के पीएचडी छात्र हर्षद श्रीवास्तव ने विभाग के सहायक प्रोफेसर दीबाकर घोषाल के मार्गदर्शन में यह रिसर्च शुरू की थी। 2019 में शुरू हुई रिसर्च को पूरा करने में करीब चार साल का समय लगा है। यह रिसर्च ओएनजीसी (ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन) की ओर से दिए गए डाटा का विश्लेषण कर निकाली गई है। दो चरणों में होने वाली इस रिसर्च का पहला चरण सफल रहा है। दूसरे चरण में तेल और गैस की पुष्टि हो जाएगी।

मूल रूप से बलिया जिले के बिगाही बहुआरा निवासी हर्षद ने बताया कि नारकोंडम द्वीप सुप्त द्वीप है। उन्होंने बताया कि द्वीप से 30 किलोमीटर दूरी पर स्थित समुद्र में 2डी सेस्मिक लाइन से परीक्षण किया गया। समुद्र की गहराई करीब 1.5 किलोमीटर है। समुद्र की गहराई के बाद सी फ्लोर से 650 मीटर नीचे 20 मीटर चौड़ी और 10 किलोमीटर ज्यादा लंबी तेल और गैस की कंबाइंड लेयर मिली है।

### ओएनजीसी से लिया डाटा

हर्षद ने बताया कि ओएनजीसी से मिले सिस्मिक डाटा की मदद से इस रिसर्च को पूरा किया गया है। इस डाटा के लिए एयर गन और हाइड्रोफोन का उपयोग हुआ है। एयरगन के उपयोग से हाईप्रेशर बबल पानी की सेडीमेंटरी लेयर में भेजा गया जिसके प्रेशर को हाइड्रोफोन की मदद से रिकॉर्ड किया गया। यह डाटा कलेक्शन की तकनीक है।

### दूसरे चरण में वेल लॉग डाटा की मदद से होगी पुष्टि

हर्षद ने बताया कि रिसर्च के दूसरे चरण से वेल लॉग डाटा विधि से तेल और गैस के होने की पुष्टि हो जाएगी। हालांकि वेल लॉग डाटा काफी महंगी प्रक्रिया है। एक वेल लॉग का खर्च करीब 200 करोड़ आएगा। इसमें मैनुअल काम होगा। पानी के अंदर पाइप डालकर गैस-तेल का पता लगाया जाता है।

## ओरिएंटल ग्रुप में बीएमए स्टूडेंट चेप्टर का उदघाटन

# हुनर और कौशल की युगलबंदी हो तो व्यक्ति शिखर पर होता है: राजीव मिश्रा



भोपाल। मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा ओरिएंटल ग्रुप ऑफ़ इंस्टीयूशन के मैनेजमेंट फैकल्टी स्टूडेंट चैप्टर के उद्धघाटन पर मुख्य वक्ता मार्केटिंग गुरू राजीव मिश्रा ने हुनर और कौशल की युगलबंदी शीर्षक पर व्याख्यान दिया उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र में हुनर है प्रतिभा है उसे निखारने के लिए अतिरिक्त कौशल ,मेहनत करने से वह शिखर पर पहुंच सकता है उन्होंने महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर एम एस धोनी तथा नीरज चोपड़ा के विशेष हुनर कौशल एवम प्रतिभा का उद्धरण दे कर बताया कि वे महानतम क्यो हैं राजीव मिश्र ने यह भी कहा की हुनर के साथ चरित्र की भी भूमिका भी महत्वपूर्ण हैं सर्वोत्तम करने का लक्ष्य होना चाहिए उहोंने एलसीडी द्वारा अनेक वीडियो सफलतम बनाने के गुर बताए ।

कार्यशाला में बीएमए के अध्यक्ष सुनील भार्गव ने कहा की स्टूडेंट चैप्टर में एक्सपर्ट फैकल्टी द्वारा अनुभव आधारित व्याख्यान दिए जाते है ताकि छात्रों को प्रेक्टिकल ज्ञान मिले जिनका लाभ अपनी भावी नौकरी अथवा व्यवसाय में ले सकेंगे इस अवसर पर छात्रों को बीएमए स्टूडेंट चैप्टर के सदस्यता प्रमाणपत्र भी वितरित किए। कार्यशाला ओरिएंटल ग्रुप के सीएमडी प्रवीण ठकराल ने बीएमए स्टूडेंट चैप्टर को छात्रों के लिए उपयोगी बताया और अनुभवी फेकल्टी के व्याख्यान से छात्र लाभान्वित होंगे इसके लिए बीएमए का चैप्टर आरंभ करने का आभार प्रगट किया। कार्यक्रम संचालन प्रबंधन की छात्राओं मैत्री परमार रूपाली गई गायकवाड तथाआभार प्रदर्शन विभा श्रीवास्तव ने किया इस अवसर पर एमबीए फैकल्टी संचालक डॉ शिखा भार्गव बीएमए के इसी मेम्बर जी. के. छिब्बर और प्रबंधक अमीर खान भी उपस्थित थे।

# तीसरे कार्यकाल में तीन गुनी गति से विकसित होगा संतनगर: रामेश्वर



संत हिरदाराम नगर। हुजूर में विधायक रामेश्वर शर्मा की बंपर जीत के बाद से ही उनके कार्यकाल युवा सदन पर कार्यकर्ताओं का जबरदस्त संगम हो रहा है। विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों से कार्यकर्ता अपने विधायक को ऐतिहासिक जीत की बधाई देने पधार रहे हैं। लगभग 1 लाख वोटों से जीते रामेश्वर शर्मा जीत के अगले दिन से ही काम पर लग गए हैं। उन्होंने अपनी पुरानी सक्रियता को बरकरार रखते हुए जनता के बीच जाना शुरू कर दिया है। विधायक रामेश्वर शर्मा की हैट्रिक के बाद से ही लगातार क्षेत्र में अभिनंदन कार्यक्रमों का दौर जारी है। बुधवार को इसी क्रम में हुजूर के संत हिरदाराम नगर में विशाल जुलूस का आयोजन कर कार्यकर्ताओं ने रामेश्वर शर्मा का जोरदार अभिनंदन किया। सैकड़ों नागरिकों ने जमकर फूल मालाओं से विधायक शर्मा का अभिनंदन किया। इस दौरान उन्होंने संत जी की कुटिया पहुंचकर संत हिरदाराम साहिब को श्रद्धासुमन अर्पित किए व उनके शिष्य सिद्ध भाऊ से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। संत नगर का यह जुलूस विधायक रामेश्वर शर्मा की जीत की तरह ही जोरदार रहा। स्थान स्थान पर मिले आशीर्वाद के लिए उन्होंने जनता का आभार जताया।


ऐतिहासिक समर्थन देकर जनता ने बड़ी जिम्मेदारी दी, सेवा कर के ऋण चुकाउंगाः जुलूस के दौरान जनता के अभिनंदन पर आभार व्यक्त करते हुए विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि हुजूर की जनता मेरी भगवान है। मेरे भगवान ने मुझे इतना आशीर्वाद दिया कि पूरा मध्यप्रदेश देखता रह गया। सारे रिकार्ड तोड़ दिए। हुजूर की जनता ने ऐतिहासिक

### हुजूर में बंपर जीत पर रामेश्वर शर्मा का जोरदार स्वागत, जमकर बरसे फूल

बहुमत से विजय बनाकर बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी है। जीत जितनी बड़ी है, अब जिम्मेदारी भी उतनी ही बढ़ जाएगी। यह हुजूर की जनता का मेरे ऊपर बहुत बड़ा ऋण है। इस ऋण को चुकाने के लिए मैं दिनरात जनता की सेवा करूँगा। इसके लिए यदि नींद के समय को भी आधा करना पड़े तो करूंगा, लेकिन जनता को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराऊंगा। संत नगर को प्रदेश का नंबर-1 व्यवसायिक केन्द्र बनाना हैः संत नगर में जुलूस के दौरान शर्मा ने नागरिकजनों का आभार मानते हुए कहा कि संत नगर के घर-घर से मुझे अपार आशीर्वाद मिला है। हर जन-मन ने विकास और तरक्की का साथ दिया है। हुजूर में भाजपा की बंपर जीत केवल रामेश्वर शर्मा की जीत नहीं है, यह संत नगर के विकास की जीत है, यहां की तरक्की और समृद्धि की जीत है। संत नगर के समस्त व्यापारिक और व्यवसायिक संगठनों की जीत है जिन्होंने संत नगर के भविष्य को और भी उज्ज्वल बनाने की जिम्मेदारी मुझे सौपी। मैं हर व्यापारी बंधु के साथ समस्त नागरिकजनों को विश्वास दिलाता हूं कि संत नगर की तरक्की में कोई कसर नहीं छोडूंगा। आपने मेरी जीत कि रिकार्ड बनाया, मैं विकास का रिकार्ड संत नगर में बनाऊंगा। आने वाले समय में संत नगर को प्रदेश का नंबर-1 व्यवसायिक केन्द्र बनाना है। इसके लिए तीन गुनी रफ्तार से विकास और तरक्की के कार्य करूंगा।

# एमसीयू में मनाया डॉ. अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में बुधवार को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। माखनपुरम परिसर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.जी.सुरेश ने की, जबकि मुख्य अतिथि महापरिषद के मान. सदस्य अतुल तारे थे । अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुरेश ने कहा कि बाबा साहब पूरे देश एवं समाज के थे । प्रो. सुरेश ने कहा कि बाबा साहब ने कहा था कि वह पहले भारतीय एवं अंत में भी भारतीय हैं । उन्होंने कहा था कि मेरी पहली पहचान भारतीय है । प्रो. सुरेश ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान लिखते समय उसमें प्रावधान किया था जिससे अनुसूचित जाति जनजाति के लोग आगे बढ़ सके । प्रो. सुरेश ने कहा कि बाबा साहब की समरसता की बात करते हुए कहा कि बाबा साहेब के जीवन में कई चुनौतियां आई, जिसका उन्होंने डटकर सामना किया, उन्होंने बाबा साहब को पथ प्रदर्शक बताया । कुलपति प्रो. सुरेश ने कहा कि हमारा विश्वविद्यालय पत्रकारिता विश्वविद्यालय है इस कारण हमारी जिम्मेदारी और भी ज्यादा बढ़ जाती है । बाबा साहब के व्यक्तित्व को अनुकरणीय बताते हुए प्रो.सुरेश ने कहा कि वह हमारे रोल मॉडल होना चाहिए । कुलपति प्रो. सुरेश ने कहा कि बाबा साहब के नाम पर विश्वविद्यालय में ट्रांजिट हॉस्टल बनाया गया है, जिसका नाम भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के नाम पर है । प्रो. सुरेश ने कहा कि उनकी सोच, विचार, दर्शन को विश्वविद्यालय के कार्यों में क्रियान्वित किया जाएगा । उन्होंने पूरे विश्वविद्यालय परिवार की ओर से बाबा साहेब को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विश्वविद्यालय की महापरिषद के सदस्य एवं मुख्य अतिथि अतुल तारे ने कहा कि बाबा साहब का दर्शन और व्यक्तित्व विराट था। उन्होंने कहा कि बाबा साहब की दृष्टि अलग थी । अपने व्याख्यान में उन्होंने फ्रांस की क्रांतिस महाभारत के रचियता वेदव्यास, रामायण के रचियता महर्षि वाल्मिकी आदि का उदाहरण देते हुए बाबा साहेब के महान कार्यों के बारे में बताया। स अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अविनाश वाजपेयी,अनुसूचित जाति-जनजाति प्रकोष्ठ के संयोजक प्रदीप डेहरिया, सह-संयोजक ज्ञानेश्वर ढोके, सेल के पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे ।

### मध्यप्रदेश सिविल सेवा तैराकी टीम की कप्तानी सुरेश सिंह करेंगे



**भोपाल** । अखिल भारतीय सिविल सेवा तैराकी प्रतियोगिता वर्ष-2023-24 का आयोजन 15 दिसंबर 2023 से 17 दिसंबर 2023 तक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्विमिंग काम्प्लेक्स तालकटोरा गार्डन नई दिल्ली में किया जा रहा है।

मध्यप्रदेश सिविल सेवा तैराकी टीम के 20 सदस्यीय दल का नेतृत्व सुरेश सिंह नायब तहसीलदार संडावता राजगढ़ करेंगे। श्री सिंह को अखिल भारतीय सिविल सेवा तैराकी प्रतियोगिता में वर्ष 1995 से 28 वर्षों से लगातार मध्यप्रदेश सिविल सेवा तैराकी टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए मध्यप्रदेश राज्य को गौरवान्वित किया जा रहा है। तैराक सुरेश सिंह ने चर्चा में बताया कि मेरे द्वारा पूर्व में अखिल भारतीय सिविल सेवा तैराकी प्रतियोगिता में कई स्वर्ण पदक,रजत पदक,कांस्य पदक प्राप्त कर मध्यप्रदेश राज्य को गौरवान्वित किया है, जिस पर कई बार मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन द्वारा मुझे सम्मानित किया गया है।

# कांग्रेस विधायक के खिलाफ आलोक शर्मा ने दिया पुलिस कमिश्नर कार्यालय पर धरना



### काजी कैंप, लक्ष्मी टाकीज, इमामीगेट, इतवारा-बुधवारा मार्केट तय समय से बंद करने की मांग

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

भोपाल उत्तर विधानसभा में कांग्रेस विधायक आतिफ अकील के समर्थकों ने बुधवार को फिर से भाजपा कार्यकर्ता चिंटू शुक्ला पर तलवार से हमला कर दिया, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के विरोध में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्मा ने कमिश्नर कार्यालय के सामने कार्यकर्ताओं के साथ धरना दिया। लगातार हो रही ऐसी घटना से हिन्दू समाज में रोष व्याप्त है। एक दिन पूर्व भी ऐसी घटना हुई थी, जिसमें पार्टी के कई कार्यकर्ता गंभीर घायल हो गए थे।

आलोक शर्मा ने कहा कि कांग्रेस विधायक आतिफ अकील के समर्थकों और बदमाशों द्वारा व्यापारियों और नागरिकों से रंगदारी मांगी जा रही है। पुलिस में शिकायत करने पर सिर्फ मामूली धाराओं में कार्रवाई किए जाने से बदमाशों के हौंसले और बढ़ते जा रहे है। शर्मा ने बताया कि काजी कैंप, लक्ष्मी टाकीज, इमामी गेट, इतबारा, बुधवारा का मार्केट पूरी रात खुले रहते हैं। इन बदमाशों के आगे पुलिस प्रशासन पंगु नजर आता है।

शर्मा ने पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्रा और भोपाल कलेक्टर आशीष सिंह से चर्चा कर बताया कि शहर में मार्केट बंद होने का जो नियम है उसे सभी क्षेत्रों में सख्ती से लागू किया जाना चाहिए। बदमाश और गुंडे शहर की फिजा बिगड़ना चाहते हैं।

# शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा कर लिए अनेक निर्णय

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

शहरी क्षेत्रों में संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा के लिए बुधवार को शहरी स्वास्थ्य संस्थाओं की समीक्षा बैठक सिविल डिस्पेंसरी कमला नगर में सम्पन्न हुई । बैठक में भोपाल के शहरी क्षेत्र में स्थित सिविल डिस्पेंसरी, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं संजीवनी क्लीनिक के चिकित्सा अधिकारी उपस्थित हुए ।

इस दौरान मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार कल्याण कार्यक्रम, असंचारी रोग, मलेरिया, डेंगू, टीबी, कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम, अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम की डेटावार समीक्षा की गई । साथ ही आरसीएच अनमोल पोर्टल, एनसीडी पोर्टल में दर्ज हितग्राहियों के उपचार एवं फॉलोअप की जानकारी ली गई । शहरी स्वास्थ्य संस्थाओं में हब एंड स्पॉक मॉडल के तहत प्रदान की जा रही निःशुल्क पैथोलॉजी सेवाओं, निश्चित दिवस स्पेशलिस्ट विजिट , रेफरल, महिला आरोग्य समिति बैठकों के आयोजन पर चर्चा की गई। सीएमएचओ द्वारा स्वास्थ्य संस्था हेतु निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति न करने वाले चिकित्सा अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश जारी किए गए। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य संस्थाएं निर्धारित समय पर सेवाएं देना सुनिश्चित करें । शासन द्वारा निर्धारित समय पर संस्था संचालित न होने या संस्था से चिकित्सक अथवा कर्मचारी अनुपस्थित पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों के कार्यक्रम अधिकारी एवं नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। सीएमएचओ द्वारा 10 दिसंबर को आयोजित पल्स पोलियो अभियान के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए एवं सांस कार्यक्रम के तहत निमोनिया हेतु चिन्हित किए गए बच्चों के फॉलोअप की जानकारी ली गई।

### इस साल की अंतिम नेशनल लोक अदालत शनिवार को

**भोपाल।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष श्री अमिताभ मिश्र के मार्गदर्शन में शनिवार 9 दिसम्बर को इस वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए विधिक जागरूकता शिविरों, सोशल मीडिया प्लेटफार्म सहित नेशनल लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत के लिए सभी न्यायाधीशगणों, नोडल न्यायिक अधिकारीगण, विद्युत विभाग, नगरपालिका, बैंक, पुलिस, यातायात पुलिस, दूरसंचार विभाग एवं प्रशासन के अधिकारियों तथा बीमा कम्पनियों के अधिकारियों, अधिवक्ताओं सहित पक्षकारों के साथ प्री-सिटिंग बैठकें आयोजित की जा रही है।

# हार्दिक आसवानी ने काता एवं कुमिते में स्वर्ण पदक

### मिठी स्कूल में विजेता छात्रों ने गोवा में आयोजित प्रतियोगिता में लिया था भाग

**संत हिरदाराम नगर।** 7वाँ एस.के.आई.ए. अंतरराष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन 25 एवं 26 नवम्बर को गोवा में आयोजित किया गया था। विद्यालय कोच दीवान आहूजा के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में मिठी गोबिंदराम पब्लिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा को मुखरित कर विद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतियोगिता के विजेता रहे। विद्यार्थी हार्दिक आसवानी ने काता एवं कुमिते में क्रमशः स्वर्ण पदक एवं कांस्य पदक प्राप्त कर ब्लैक बेल्ट के लिए चयनित होकर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान किया। इसी क्रम में जिनेम जैन, अर्नव जैन, प्रांजल जैन, शिवांश सिंह एवं कार्तिक चेतवानी ने कांस्य पदक से सम्मानित होकर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान किया। अंतरराष्ट्रीय चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में विजेता होने पर सिद्ध भाऊ ने सम्मानित प्रतिभाशाली छात्र एवं विद्लाय परिवार को उनकी इस शानदार एवं भव्य उपलब्धि हेतु असीम शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य



की कामना की। इस अवसर पर संस्था उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी, सचिव ए.सी. साधवानी, सह-सचिव के.एल. रामनानी, वरिष्ठ सदस्य घनश्याम बूलचंदानी, अकादमिक डारेक्टर गोपाल गिरधानी सहित अन्य ने भी शुभकामनाएं दी।

# मध्यप्रदेश को वन्यजीव पर्यटन के लिए मिला सैंक्चुअरी एशिया अवॉर्ड

## सर्वश्रेष्ठ सतत वन्यजीव पर्यटन राज्य कैटेगरी के लिये मिला सम्मान

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड को टॉफ टाइगर्स वाइल्डलाइफ टूरिज्म अवार्ड्स में सर्वश्रेष्ठ सतत वन्यजीव पर्यटन राज्य (द बेस्ट सस्टेनेबल वाइल्डलाइफ टूरिज्म स्टेट) के लिए सैंक्चुअरी एशिया अवॉर्ड से नई दिल्ली में सम्मानित किया गया है। मध्यप्रदेश को भारतीय उपमहाद्वीप में प्रकृति, पर्यटन, उद्योग, सतत प्रथाओं और रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया है।




प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने सम्मान पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि, मध्यप्रदेश देश का टाइगर स्टेट है और दुनिया से टाइगर्स को देखने के लिए पर्यटक यहां के राष्ट्रीय उद्यानों में पहुंचते हैं। प्रदेश में पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव को कम करने की जिम्मेदारी भी बोर्ड की है। इसलिए वन्य क्षेत्रों के आस-पास ईको-फ्रेंडली होमस्टे, अपशिष्ट प्रबंधन, पर्यटकों में जागरूकता लाने जैसे विभिन्न प्रयास किये जा रहे हैं।

**पर्यटन पर आधारित शॉर्ट फिल्म और प्रेजेन्टेशन:** समारोह में मध्यप्रदेश पर्यटन द्वारा प्रदेश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों एवं उत्पादों पर आधारित एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। ऑडियो-विजुअल प्रेजेन्टेशन के माध्मय से मध्यप्रदेश के विभिन्न एतिहासिक, प्राकृतिक, आध्यात्मिक, लोक एवं शिल्प कला एवं वन्यजीव पर्यटन पर आधारित जानकारी साझा की गई। अतुल्य भारत के दिल %मध्यप्रदेश% को घूमने के लिए एक आकर्षक एवं आदर्श गंतव्य के रूप में चित्रित किया गया। प्रदेश आध्यात्मिकता, प्राकृतिक वैभव, वन्य जीवन और सांस्कृतिक आभा को समेटे हुए है, जो पर्यटकों को अभिभूत करता है। टूरिज्म बोर्ड की ओर से यह पुरस्कार उप संचालक श्री युवराज पडोले ने ग्रहण किया।

**टाइगर, चीता एवं लेपर्ड स्टेट ऑफ इंडिया:** मध्यप्रदेश वन्यजीवों की दृष्टि से एक संपन्न राज्य है। 12 राष्ट्रीय उद्यानों और 24 वन्यजीव अभ्यारण्यों के साथ, विभिन्न पौधों, जानवरों और पक्षियों जैसे प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है। देश में सर्वाधिक टाइगर्स मध्यप्रदेश में होने के कारण %टाइगर स्टेट ऑफ इंडिया% होने का गौरव प्राप्त है। म.प्र. में वर्तमान में 785 टाइगर हैं। मध्यप्रदेश को %टाइगर स्टेट ऑफ़ इंडिया% के नाम से जाना जाता है। इसके साथ ही प्रदेश को 'लेपर्ड स्टेट' और 'घडियाल स्टेट' का भी गौरव प्राप्त है। कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों के आगमन ये प्रदेश को चीता स्टेट के रूप में मान्यता मिली है।

# करुणाधाम में शतचंडी महायज्ञ का चौथा दिन, बड़ी संख्या में श्रद्धालु लगा रहे परिक्रमा



**भोपाल।** करुणाधाम आश्रम में शतचंडी महायज्ञ 4 दिसंबर से विधि विधान से शुरू हो चुका है। इसका बड़ी संख्या में श्रद्धालु धर्म लाभ ले रहे हैं। आश्रम की ईशा शांडिल्य ने बताया कि पीठाधीश्वर श्री सुदेश जी शांडिल्य महाराज द्वारा शतचंडी महायज्ञ किया जा रहा है। उज्जैन के 25 प्रकांड पंडितों द्वारा महायज्ञ विधि विधान से करवाया जा रहा है। महायज्ञ के दौरान दुर्गा सप्तशती के पाठ भी हो रहे हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु महायज्ञ में शामिल हो रहे हैं। महायज्ञ के परिक्रमा से पापों का नाश और पुण्य की प्राप्ति होती है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में महायज्ञ की परिक्रमा कर रहे हैं। युवा इसमें बढ़-चढ़कर शामिल हो रहे हैं। प्रतिदिन सुबह 9ः00 बजे से भक्तों का ताता लग जाता है। शाम 6ः00 बजे आरती के बाद भी श्रद्धालु दर्शन के लिए आ रहे हैं। महायज्ञ 10 दिसंबर को पूर्णाहुति के साथ संपन्न होगा।

# उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान की छात्रा ने जीते पदक



**भोपाल।** उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान की छात्रा कुमारी नैन्सी सोलंकी, बी.पी.ई.एस. द्वितीय वर्ष (तृतीय सेमेस्टर) ने जो वर्तमान में मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी, भोपाल में प्रशिक्षणरत हैं, इन्होंने राष्ट्रीय स्तर शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर निम्नानुसार पदक प्राप्त किये। 50 मीटर फ्री पिस्टल में 05 गोल्ड एवं 01 ब्राँस पदक,10 मीटर मिक्स टीम में 01 ब्राँस पदक, 25 मीटर स्पोटर्स पिस्टल में 01 सिल्वर पदक, 25 मीटर स्टेण्डर्ड पिस्टल में 03 सिल्वर पदक जीते।

# दोराहा टीआई को गोली मारने की धमकी

**भोपाल।** सीहोर जिले में एक गुंडे ने थाना प्रभारी को गोली मारने की धमकी दी है। वीडियो जारी कर उसने कहा- बाप कसम जिंदा रहा तो तुझे गोली जरूर मारूंगा। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। आरोपी की धरपकड़ के लिए एक टीम बनाई गई है। दोराहा थाना प्रभारी राजेश सिन्हा ने बताया कि जो युवक वीडियो में मुझे जान से मारने की धमकी दे रहा है। उसका नाम नसीम पिता बने खां निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निशातपुरा भोपाल है। इसके खिलाफ 19 नवंबर को धारा 307 में एक मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में आरोपी फरार चल रहा है। धमकी देने के मामले में दोराहा थाने में धारा 506, 94 के तहत एक और प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए एक टीम को लगाया गया है। वीडियो में दिख रहा है कि बंदमाश कमर में रिवाल्वर फंसाए हुए है। थाना दोराहा, जिला सीहोर टीआई को हमारा सीधा चैलेंज। पकड़े गए तो गोली मार देना, नहीं तो मेरे बाप की कसम जिंदा रहा तो तुझे गोली जरूर मारूंगा। पूछ क्यों- तू पुलिसवाला है, हमारी शासन से कोई बुराई नहीं है। मगर तू हमारे छोटे भाइयों को परेशान कर रहा है। उनका कोई लेना-देना ही नहीं है। उस गरीब का तूने मोबाइल रख लिया। कैसे ऑटो चलाकर, मेहनत-मजदूरी कर बेचारे पैसा कमाते हैं। रात-रातभर मेहनत करते हैं, सोचना चाहिए।

# शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता योजना में प्री-मेट्रिक आवेदन की तिथि बढ़ाई

**भोपाल।** शैक्षिणिक वर्ष 2023-24 के लिये शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता योजना में लाभ प्राप्त करने के लिये पात्र प्री-मेट्रिक छात्र-छात्राओं को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर आवेदन करने की अंतिम तिथि में वृद्धि कर 31 दिसम्बर 2023 कर दिया गया है। योजना में प्रदेश के बीड़ी, चूना पत्थर एवं डोलोमाइड और लोह मैंग्नीज आयस्क खदान श्रमिकों के मान्यता प्राप्त शैक्षिणिक संस्थाओं में अध्ययनरत पूत्र-पूत्रियों को वित्तीय सहायता योजना में कक्षा 1 से उच्च शिक्षा गृहण करने पर छात्रवृत्ति/ गणवेश की राशि 1000 रूपये अधिकतम 25000 रूपये स्वीकृत की जाती है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी बीड़ी श्रमिक कल्याण निधि औषधालय भोपाल ने बातया कि नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर आवेदन करने और पात्रता संबंधित जानकारी और अन्य शर्तें देखी जा सकती है।

# एम्स भोपाल की मृत्यु दर बैठक में सक्रिय रोगी मूल्यांकन पर जोर

**भोपाल।** एम्स भोपाल के सभी फैकल्टी ने बैठक कर चयनित मरीजों की मौत के कारणों पर चर्चा की। किसी मृत व्यक्ति के पीछे के कारणों का पता लगाने और मृतक को बचाने वाली कार्रवाई पर विचार-विमर्श करने के लिए ये बैठकें आयोजित की जाती हैं। एम्स भोपाल के निदेशक प्रोफेसर डॉ. अजय सिंह ने सत्र की अध्यक्षता की, जिसमें विभिन्न विशिष्टताओं के डॉक्टरों ने रोगी की गंभीरता के आकलन के लिए सक्रिय दृष्टिकोण के लिए अपने विचार दिए। ट्रॉमा और आपातकालीन विभाग ने बैठक में प्रस्तुति दी, जिसके बाद प्रतिभागियों ने विचार-मंथन किया।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर रैन बसेरों में निगम ने आयोजित किए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा गत रात्रि रैन बसेरों के निरीक्षण के दौरान रैन बसेरों में विश्राम करने वाले हितग्राहियों के स्वास्थ्य परीक्षण कराये जाने संबंधी निर्देशों के परिपालन में नगर निगम भोपाल द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से यादगार-ए-शाहजहांनी पार्क एवं हमीदिया अस्पताल परिसर स्थित रैन बसेरों में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किये गए। स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों में चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा सूक्ष्मता से हितग्राहियों के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है एवं औषधि भी वितरित की जा रही हैं। समाचार लिखे जाने तक उक्त दोनों स्थलों पर शिविर में हितग्राहियों का परीक्षण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर बुधवार रात्रि नगर निगम भोपाल द्वारा यादगार-ए-शाहजहांनी पार्क एवं हमीदिया अस्पताल परिसर में संचालित रैन बसेरों (आश्रय स्थलों) में विश्राम करने वाले हितग्राहियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए गए



जिसमें चिकित्सा विशेषज्ञों के दलों ने हितग्राहियों के ब्लड प्रेशर, शुगर, त्वचा आदि रोगों की जांच की जा रही है साथ ही खून के नमूने लेकर सीवीसी, ल्यूपिड प्रोफाइल, हैपेटाइटिस, एचआईवी, मलेरिया, डेंगू आदि की जांच भी की जा रही है और उपचार हेतु सलाह एवं औषधियां भी प्रदान की जा रहीं है। चिकित्सकों ने बीमारियों से बचने हेतु उपाय व परहेज संबंधी जानकारी भी हितग्राहियों को दीं। शिविर में डा. सुभाष गुप्ता, डा. लोकेश मित्तल, नर्सिंग आफिसर श्री तेजस्वी एवं डा. अजय के अलावा जयप्रकाश हास्पिटल के मेडिकल स्टाफरैन बसेरों में रात्रि विश्राम करने वालों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रहे हैं।



# ज्ञानोदय विद्यालय में स्पोर्ट्स प्रतियोगिताओं का आयोजन

**भोपाल।** लहरपुर शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय अनुसूचित जनजाति विकास विभाग द्वारा संचालित में स्पोर्ट्स उपयोगिता का आयोजन किया गया जिसमें को को बास्केटबॉल इस लेटैस्ट बॉलीबॉल टेनिस की जैसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 150 बच्चे भाग लेंगे और बच्चों में काफी उत्साह है और बच्चे उत्साह के साथ खेल प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही श्रीमती अंकित बनर्जी जिन्हें हमें बच्चों की टीशर्ट में काफी सहयोग प्रदान किया श्रीमती अप्पा सरकार भी उपस्थित रही जिनका विद्यालय में टी-शर्ट एवं गार्डन का काफी सहयोग रहा जिसमें प्राचार्य नीरज अब्राहम ने बताया कि हमारे स्कूल के बच्चे काफी भारत में आगे हैं और वह पूरे भारत में शामिल होते हैं कार्यक्रमों में और स्कूल का नाम रोशन करते हैं।

# किंडरगार्टन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों तक पहुंचाई जाएगी पल्स पोलियो अभियान की जानकारी

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

10 दिसंबर को आयोजित किए जा रहे पल्स पोलियो कार्यक्रम में 5 साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। पोलियो की दवा के शत प्रतिशत सेवन के लिए शिक्षा विभाग द्वारा किंडरगार्टन स्कूलों में जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएगी। पोलियो कार्यक्रम में शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए कलेक्टर द्वारा टास्क फोर्स बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया था। इसके परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा नर्सरी से लेकर केजी 2 के स्कूलों के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। संकुल प्राचार्य, जन शिक्षकों, प्राचार्यों को भेजे गए पत्र में स्कूल स्तर पर विभिन्न जागरूकता गतिविधियां करने के लिए निर्देशित किया गया है।

पल्स पोलियो कार्यक्रम की जागरूकता के लिए स्कूलों में प्रार्थना सभा के दौरान पोलियो की खुराक पिलवाने का संकल्प करवाया जाएगा। 5 वर्ष तक की उम्र के बच्चों की स्कूल डायरी में अभिभावकों के लिए संदेश लिखे जाएंगे, जिसमें स्कूल टीचर द्वारा 10 दिसंबर, रविवार के दिन नजदीकी पोलियो बूथ पर जाकर दवा पिलवाने की जानकारी अंकित की जाएगी। स्कूल एवं आसपास के क्षेत्र में पल्स

### स्कूलों में जागरूकता के लिए जिला टास्क फोर्स बैठक में कलेक्टर ने दिए थे निर्देश

पोलियो जागरूकता रैली भी निकाली जाएगी ।जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार जिन स्कूलों में पोलियो के बूथ बनाए गए हैं, वे सभी स्कूल रविवार के दिन प्रातः 8 बजे से शाम 5 बजे तक खुले रहेंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि भोपाल में तीन लाख से अधिक बच्चों को पोलियो खुराक पिलाई जाएगी ।

अभियान के तहत जन्म से 5 साल तक के बच्चों को पोलियों की दवा पिलाई जाती है। इस उम्र के बच्चे प्रायः प्री नर्सरी, नर्सरी, केजी वन एवं केजी टू क्लास में अध्यनरत होते हैं। कलेक्टर के निर्देशानुसार विशेष रूप से किंडरगार्डन स्कूलों के संचालकों तक अभियान की जानकारी पहुंचाई जा रही है । जिससे कि पहले दिन ही अधिकतम बच्चे पोलियो बूथ पर पहुंचकर दवा पी सके। पोलियो से सुरक्षा के लिए अभियान के दौरान बच्चों को दवा पिलवाना जरूरी है। जिन बच्चों ने पहले यह दवा पी है, उन्हें भी यह दवा पुनः पीना आवश्यक है।

# रीवा में आईटी पार्क के लिए 30 करोड़ स्वीकृत

### जनसम्पर्क मंत्री ने कीविकास कार्यो की समीक्षा

जनसंपर्क एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने सर्किट हाउस राजनिवास में बैठक लेकर रीवा शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल एवं अध्यक्ष नगर पालिक निगम रीवा श्री व्यंकटेश पाण्डेय संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में श्री शुक्ल ने निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिये कि पूरी गुणवत्ता के साथ निश्चित समय सीमा में सभी निर्माणाधीन कार्यों को पूरा करायें तथा अप्रारंभ कार्यों को तत्काल प्रारंभ करायें। उन्होंने कहा कि रीवा शहर व विधानसभा को प्रदेश की अग्रणी विधानसभा बनाने के साथ ही रीवा शहर को महानगर बनाने के लिये कृत संकल्पित हूँ। श्री शुक्ल ने बताया कि रीवा शहर में 30 करोड़ रूपये से आईटी पार्क की स्थापना कराई जा रही है जिसका निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। यह आईटी पार्क युवाओं को स्वावलंबी बनाने व रोजगार मुहैया कराने की दिशा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा इससे युवाओं के लिये रोजगार के सुनहरे द्वार खुलेंगे। शुक्ल ने रीवा में हवाई अड्डा निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि



मार्च तक कार्य पूर्ण करायें ताकि मार्च से रीवा में बड़े हवाई जहाज उतरने लगें। इस दौरान बताया गया कि हवाई पट्टी के पुराने 1400 मीटर रनवे का कार्य पूर्ण हो गया है शेष विस्तारित 400 मीटर रनवे का कार्य प्रगति पर है इसके साथ ही टर्मिनल बिधल्डग, सर्विस रोड सहित बाउंड्रीबाल आदि का कार्य नियत समय में पूरा करा लिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि रीवा हवाई अड्डे में रात्रि कालीन उड़ान की सुविधा के अनुसार भी कार्य कराये जा रहे हैं। श्री शुक्ल ने औद्योगिक केन्द्र गुढ़ में बाणसागर की नहर से पानी पहुंचाने की व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली। विदित हो कि 16 करोड़ रूपये की लागत से गुढ़ औद्योगिक क्षेत्र व नगर परिषद गुढ़ में पानी पहुंचाया जायेगा। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि भैरव बाबा मंदिर तक भी पानी पहुंचाया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में मंत्री श्री शुक्ल ने सिरमौर चौराहा रीवा में नवनिर्मित फल एवं सब्जी, बाजार में सभी फल एवं सब्जी फल के विक्रेताओं को व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराने के निर्देश दिये तथा कहा कि बाजार का शीघ्र लोकार्पण करायें। उन्होंने रतहरा तालाब का कार्य पूर्ण कराकर 6 जनवरी को लोकार्पण कराने के लिये निर्देशित किया तथा पचमठा आश्रम में साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। श्री शुक्ल ने रीवा शहर की सफाई के लिये दो अतिरिक्त स्वीपिंग मशीन क्रय किये जाने की बात कही। उन्होंने पुर्नघनत्वीकरण योजनान्तर्गत सर्किट हाउस निर्माण कार्य का अप्रैल में तथा सिविल लाइन पार्क का 14 जनवरी को लोकार्पण कराने के निर्देश निर्माण एजेंसी को दिये। श्री शुक्ल ने व्यंकट क्लब तथा जिला अस्पताल में निर्माणाधीन ओपीडी निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर की रोटरी के सुधार व सौन्दर्यीकरण का कार्य करायें तथा चोरहटा से रतहरा मार्ग के डिवाइडर में शेष भाग में वृक्षारोपण कार्य करायें। इस दौरान अधीक्षण यंत्री नगर निगम शैलेन्द्र शुक्ल, एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी सहित विभिन्न निर्माण विभागों के अधिकारी तथा निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## स म्पा द की य

# आंकड़ों का आइना और हमारा समाज




अपराधों के आंकड़ों में एक आंकड़ा ऐसा भी है, जो न केवल हमारी सरकारों को आइना दिखाता है, अपितु समाज को भी चिंतन करने का मुद्दा देता है। यह बात और है कि इन दोनों में से कोई भी इस मुद्दे पर गंभीर नहीं दिख रहा है। असल में हाल में 2022 का नेशनल क्राइम डेटा जारी हुआ है। सबसे निराशाजनक आंकड़ों में एक यह है कि पिछले वर्ष देशभर में हर दिन औसतन लगभग 500 आत्महत्याएं हुई थीं। क्या ये आंकड़े किसी को परेशान नहीं करते? और क्या इनका कोई हल निकालने की पहल नहीं हो सकती?

आत्महत्याओं के कारणों की बात करें तो इसकी तीन बड़ी वजह हैं- खराब मानसिक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा, संबंधित कानूनों में स्पष्टता का अभाव और सामाजिक वर्जनाएं जो लोगों को मदद लेने से रोकती हैं। पिछले वर्ष 2022 में आत्महत्या करने वालों में एक तिहाई किसान और दिहाड़ी मजदूर थे। यह आत्महत्या करने वालों का सबसे बड़ा समूह हैं। यह सीधे-सीधे हमारी अर्थव्यवस्था के लिए चुनौती है। लगातार बढ़ती आर्थिक असमानता इसके लिए बड़ा कारण कही जा सकती है। एक तरफ तो हम पाचवीं आर्थिक शक्ति बन रहे हैं, दूसरी ओर किसान और दिहाड़ी मजदूरों की आत्महत्याओं के आंकड़े हमें चिढ़ा रहे हैं।

13 हजार से ज्यादा छात्र जान देने वालों का दूसरा सबसे बड़ा समूह है। और इनमें से सबसे अधिक आत्महत्याएं कोचिंग वालों की संख्या बताई जा रही है।

मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि कोचिंग हब कोटा जैसी जगहों पर जहां से बच्चों की खुदकुशी की खबरें लगातार आती रहती हैं, वहां निरंतर मनोरोग मूल्यांकन और देखभाल के साथ विशेष रणनीति की आवश्यकता है। फिर भी जैसा कि हमने कोटा में देखा, जहां इस साल 23 छात्र/छात्राओं ने आत्महत्या कर ली, अधिकारियों ने सीलिंग फैन में स्प्रिंग और बालकनियों के नीचे जाल लगाने का विकल्प चुना। लेकिन यह क्या यह उचित समाधान है?

2017 में मानसिक स्वास्थ्य कानून के साथ आत्महत्या के प्रयास को भारतीय दंड संहिता यानि आईपीसी की धारा 309 के तहत अपराध मुक्त कर दिया गया था। नया बिल भारतीय न्याय संहिता बीएनएस संसद में पेश किया जा रहा है, इसमें कानूनी प्रावधान को पूरी तरह से हटा दिया है। संशोधित बीएनएस में आत्महत्या के लिए उकसाने का अपराध यानी अबेटमेंट का प्रावधान बरकरार है, जिसे साबित करना बेहद मुश्किल है। यदि आर्थिक कारणों से आत्महत्या होती है, तो क्या सरकार को इसका दोषी माना जा सकता है?

सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने फिर से कहा कि किसी व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी ठहराने के लिए जरूरी है कि आरोपी की आपराधिक मंशा और उकसावे की कार्रवाई मरने वाले व्यक्ति की खुदकुशी के वक्त के करीब हो। एक मामले को रद्द करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस तरह के सबूत के बिना मुकदमा कानूनी प्रक्रिया के दुरुपयोग से ज्यादा कुछ नहीं है। समस्या अक्सर गलत दिशा में की गई पुलिस जांच की होती है।

आत्महत्या के प्रयास में जिंदा बच गए लोगों को समर्थन और दीर्घकालिक सहायता की आवश्यकता होती है। जब घर की परिस्थितियां उन्हें बेसहारा छोड़ देती हैं तो उनका रुख किस दिशा में होता है? आंकड़े बताते हैं कि 32 प्रतिशत आत्महत्या के मामलों का कारण पारिवारिक समस्याएं ही थीं। पुरुष और महिलाएं जहां निवास करते हैं, वो दोनों के लिए असुरक्षित स्थान हो सकते हैं। पिछले प्रयासों से पता चलता है कि आगे कितनी कोशिशों की दरकार है। लेकिन प्रश्न उठता है कि इसकी निगरानी कौन करता है? कौन करेगा? पिछले वर्ष लगभग 35 प्रतिशत आत्महत्याएं 18 से 30 वर्ष की आयु वर्ग के लोगों ने की थी। वो जनसांख्यिकीय लाभांश यानि डेमोग्रैफिक डिविडेंड का हिस्सा थे, लेकिन दुर्भाग्य से उन्हें जिंदगी खत्म करने का फैसला करना पड़ा।

पैसे से लेकर व्यक्तिगत मामलों तक हर दूसरा भारतीय अधिकांश आवश्यकताओं के लिए परिवार और समाज के समर्थन पर निर्भर हैं, फिर भी मानसिक स्वास्थ्य का मुद्दा बहुत अहम है। सुइसाइड हेल्पलाइंस और सपॉर्ट नेटवर्क से परे मानसिक परेशानियों को लेकर सामाजिक वर्जना यानि टैबू को दूर करना बहुत जरूरी है। हमें ऐसा सामाजिक माहौल बनाना होगा, जिससे कोई भी अपनी मानसिक समस्या खुलकर साझा कर सके। लेकिन अब भी किसी को मानसिक समस्या की बात करनी होती है तो उसे काफी हद तक मनोचिकित्सकों और कुछ एनजीओ की मदद लेने तक ही सीमित रहना पड़ता है। सरकार के नेटवर्क अक्सर पहुंच से बाहर और अपर्याप्त हैं।

इसके लिए जहां सरकार को जिम्मेदार अधिक माना जाता है, लेकिन सही बात तो यह है कि हमारे समाज की बदलती प्रवृत्ति ही अधिकांश मामलों के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार है। परिवारों का बिखराव इसकी मूल इकाई है। हम भले ही आत्महत्याओं के लिए सबसे ज्यादा आर्थिक कारण और पारिवारिक समस्याओं को मानते हैं, लेकिन हमारा गिरता चरित्र भी इसके लिए कम जिम्मेदार नहीं है। केवल आत्महत्याएं ही नहीं, हत्याओं के आंकड़े भी इसका गवाह हैं। बच्चों की आत्महत्याओं को तो परिवार के सदस्य ही रोक सकते हैं, लेकिन हम बच्चों और बुजुर्गों से बातचीत करने तैयार नहीं रहते। पीढ़ी के अंतर को हमने मौन और मोबाइल से भर दिया है। परिवारों में आपसी संवाद हो और स्वस्थ संवाद हो, तो हम इन आत्महत्याओं को आधा तो कर ही सकते हैं। और इसके अलावा यदि देश में बढ़ती आर्थिक असमानता को कहीं रोकने के प्रयास भी हों, तो भी इस समस्या का निदान कुछ हद तक हो सकता है।

# बढ़ा मतों का विश्वास'... अब निभाने की बारी

भारत यूं ही दुनिया का सबसे बड़ा और शक्तिशाली लोकतंत्र नहीं है। हम अपने लोकतंत्र को श्रेष्ठ बनाए रखने के लिए लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर विश्वास जताते हुए प्रदेश और देश के लिए प्रतिनिधि चुनते हैं और उनसे यह अपेक्षा रखते हैं कि वे जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए तंत्र में अपने चुनाव को सार्थक बनाए।

वर्ष 2023 का विधानसभा चुनाव भी इसी भाव को केंद्र में रखकर हुआ। लेकिन इस बार का चुनाव कई मायनों में खास है। बीते 66 सालों के मतदान का रिकार्ड इस बार टूटा। प्रदेश की जनता ने चुनावी प्रक्रिया पर और अधिक विश्वास जताते हुए 77 प्रतिशत से अधिक मतदान किया।

पहली बार वोट करने वाले युवाओं के साथ ही महिलाओं ने जिस तरह अपनी भागीदारी बढ़ाई उसने राजनीति को यह स्पष्ट संकेत भी दिया कि बमुश्किल जनता दोबारा उनके दावों और वादों पर एतबार करने लगी है।

इसे बनाए रखने के लिए राजनेताओं को अपनी जिम्मेदारी और गंभीरता से निभानी होगी। बीते एक दशक से मध्य प्रदेश में विधानसभा और लोकसभा चुनावों के दौरान यह बात सामने आती रही कि लोग मतदान करने में रुचि नहीं लेते इस वजह से हमारे यहां मत प्रतिशत कम रहता है।

राजनीतिक दल अपने-अपने स्तर पर वोट प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास करते भी हैं लेकिन उनकी मंशा लोकहित में कम और स्वहित में अधिक होने की वजह से जनता के बीच यह प्रयास उतना प्रभावी नहीं हो पा रहा था। मत प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास को अमलीजामा पहनाने का कार्य चुनाव संचालन की जिम्मेदारी निभाने वाले तंत्र यानी निर्वाचन आयोग ने भी किया।



शहरी क्षेत्रों से लेकर छोटे-छोटे गांवों तक भी इस तंत्र ने पहुंचकर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया कि लोकतंत्र में यदि वे अपने मताधिकार का ही प्रयोग नहीं करेंगे तो बेहतर जनप्रतिनिधि चुनने की प्रक्रिया को कहीं न कहीं बाधित ही करेंगे। उधर, अविश्वास के संकट से जूझते राजनेताओं-जनप्रतिनिधियों के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती भी यही रही कि कैसे जनता उनकी बातों पर विश्वास करे।

दरअसल बीते दो-तीन दशकों में राजनीतिक दलों और राजनेताओं की चुनाव के पहले किए वादों को चुनाव के बाद याद तक नहीं करने की प्रवृत्ति से लोगों का विश्वास उठने लगा था। जन में आम धारणा यही बन रही थी कि राजनीति और राजनेता कोई बात कह रहे हैं या वादा कर रहे हैं तो उसके पूरा होने की उम्मीद मत कीजिए।

कथनी और करनी में अंतर से उपजे इसी अविश्वास ने पूरी चुनावी प्रक्रिया को अरुचिकर भी बनाया। चुने जाने से पहले तक जो नेता उनके आसपास होने का दावा करते थे वे जनप्रतिनिधि बनते ही जन की पहुंच से दूर हो जाते थे।

क्षेत्र के लोग अपनी छोटी-छोटी समस्याओं को लेकर भी हफ्तों-महीनों तक परेशान होते रहते थे लेकिन राहत नहीं मिल पाती थी। इस जड़ता को दूर करने और लोगों का भरोसा जीतने के लिए बीते एक दशक में विधायिका और कार्यपालिका दोनों ने मैदान में ताकत लगाई।

प्रक्रिया को ज्यादा से ज्यादा पारदर्शी और आसान बनाने के साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाने लगा कि योजनाओं को अमलीजामा पहनाने से लेकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक उनका लाभ पहुंचने तक की मानीटरिंग का तंत्र पुख्ता हो। यह तरीका कहीं न कहीं कारगर साबित भी हुआ।

घोषणाएं जब मैदान में आकार लेने लगीं तो अविश्वास की खाई भी धीरे-धीरे भरने लगी। बीते चार चुनाव से बढ़ रहा मतदान प्रतिशत इस बार इसी वजह से रिकार्ड कायम कर सका। विधानसभा चुनाव में महिला मतदाताओं की भागीदारी भी गौर करने लायक रही। इस चुनाव को यदि महिला योजनाओं पर केंद्रित चुनाव भी कहा जाए तो भी अतिश्योक्ति नहीं होगी।

भाजपा ने जहां लाड़ली बहना सहित कई योजनाएं शुरू कर उसका सीधा लाभ महिलाओं को पहुंचाना शुरू कर दिया तो कांग्रेस ने महिला प्रधान योजनाओं को अपने घोषणापत्र में शामिल करते हुए अपनी चुनावी सभाओं में उन पर जमकर चर्चा की।

महिलाओं के लिए शुरू की गई योजानओं का प्रभाव कहें या फिर जागरूकता का असर लेकिन इस बार प्रदेश की दर्जनों सीटों पर महिलाओं के मत प्रतिशत में दो से पांच प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई।

38 साल में मिली यह सफलता..लेकिन अभी सफर है बाकी विधानसभा चुनाव में रिकार्ड तोड़ मतदान के मायने राजनीतिक दल भले ही अपने-अपने पक्ष में बताएं लेकिन इतना तय है कि हमें 75 प्रतिशत से अधिक मतदान के लक्ष्य तक पहुंचने में 38 वर्ष से अधिक का समय लग गया।

1985 में 49.79 प्रतिशत मतदान चुनाव में हुआ था। इसके बाद 1990 में 54.21 प्रतिशत, 1993 में 60.17 प्रतिशत, 1998 में 60.21 प्रतिशत, 2003 में 67.25 प्रतिशत, 2008 में 69. 78 प्रतिशत, 2013 में 72.13 प्रतिशत 2018 में 75.63 प्रतिशत और इस बार 2023 में 77.15 प्रतिशत मतदान हुआ है।

शत-प्रतिशत के लक्ष्य तक पहुंचने में हमें अभी लंबा रास्ता तय करना है। इसके लिए आवश्यक है कि हमारे जनप्रतिनिधि और अधिक जवाबदेह हों और विश्वसनीय कार्यप्रणाली के साथ जन के बीच पहुंचे ताकि जनता का तंत्र के प्रति विश्वास गहरा हो।

# संगीत उद्योग में खामोश क्रांति

-राकेश दुबे

इस आँकड़े को देखकर किसी को भी हैरानी हो सकती है। भारत में हर तीन मिनट में 10 लाख गानों की स्ट्रीमिंग होती है अर्थात् हर दिन 48 करोड़ स्ट्रीम। आंकड़ों को लेकर काम करने वाली वेबसाइट स्टेटिस्टा के मुताबिक इससे सालाना 90 करोड़ रुपये का राजस्व आता है।विकिपीडिया के मुताबिक पिछले दशक में हर महीने भारत में 4.9 करोड़ कैसेट टेप बिके जिनमें से एक तिहाई पायरेटेड थे और उनका बाजार पर कब्जा ?भी था, उनकी जगह अब इंटरनेट पर संगीत की स्ट्रीमिंग ने ले ली थी।

यह तो खेद की बात है कि पुराने दौर की तरह इंटरनेट के दौर में भी एक दर्जन से भी कम कंपनियां ही भारतीय स्ट्रीमिंग बाजार में दबदबा रखती है। इससे भी अधिक दुख की बात है कि उनका मौजूदा कारोबारी मॉडल उनके बड़े घाटे की वजह है।आखिर देश के उस सपने का क्या हुआ जिसमें यह सोचा गया था कि वर्ल्ड वाइड वेब सूचनाओं की साझेदारी को लोकतांत्रिक बनाएगा,कि यह हर व्यक्ति को इस बात की आजादी मिलेगी कि वह अपने विचारों को साझा कर सके और लेनदेन कर सके। सवाल यह है कि ऐसे में इस पर आधा दर्जन कंपनियों का दबदबा कैसे कायम हुआ?

इस दबदबे की एक वजह समझ आती है कि भारत तथा दुनिया के अन्य देशों के आर्थिक नीतिकारों ने इंटरनेट और वेब के एक खास पहलू पर समुचित ध्यान नहीं दिया और वह है नेटवर्क प्रभाव की शक्ति। इसके चलते इस उद्योग पर छह कंपनियों का दबदबा कायम हो गया क्योंकि उनके पास नेटवर्क के एक हिस्से को सब्सिडी देने की आर्थिक क्षमता थी।



नेटवर्क प्रभाव के दौर में प्रतिस्पर्धा को नियमित करने के नए तरीके भी दुनिया के किसी प्रतिस्पर्धा नीति संबंधी कानून में नहीं सामने आए हैं, परंतु संगीत उद्योग में एक खामोश क्रांति घटित हो रही है। उदाहरण के लिए क्रिएटर इकॉनमी का विकास। इस पर नजर डालना जरूरी है क्योंकि यह अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों में विस्तारित हो सकती है।

जानकारों के अनुसार इसे दो प्रौद्योगिकियां रेखांकित करती हैं- नॉन-फंजिबल टोकंस (एनएफटी) और ब्लॉकचेन। एनएफटी को किसी भी मीडिया से जोड़ा जा सकता है जबकि आमतौर पर एनएफटी की जो सामग्री होती है वह दरअसल चित्र, वीडियो, संगीत या किसी अन्य रूप में होती है।

इस एनएफटी को ब्लॉकचेन पर भंडारित किया जाता है। किसी गीत या तस्वीर या आलेख में उकेरा गया एनएफटी उसके स्वामित्व को पुष्टि योग्य बनाता है और बिचौलियों मसलन गैलरीज या रिकॉर्ड लेबल की जरूरत को खत्म करता है और क्रिएटर को यह अवसर देता है कि वह अपनी सामग्री को सीधे श्रोताओं को बेच सकें।इस तरह क्रिएटर अपने काम का अधिक मुनाफा रख सकेंगे। ब्लॉकचेन का इस्तेमाल यह सुनिश्चित करता है कि भंडारण का विकेंद्रीकरण इस प्रकार किया जाए कि कोई एक व्यक्ति या समूह नियंत्रण न रखे बल्कि सभी उपयोगकर्ता सामूहिक नियंत्रण रखते हैं।

एनएफटी और ब्लॉकचेन का इस्तेमाल करके आदर्शवादी उद्यमियों को क्रिएटर इकॉनमी की मदद करनी चाहिए और वे ऐसा कर सकते हैं। इससे जो आर्थिक तंत्र उभरेगा वह क्रिएटरों को यह अवसर देगा कि वे डिजिटल प्लेटफॉर्म का फायदा उठाएं और अपनी खुद की सामग्री, उत्पाद ओर सेवाओं का वितरण करें। क्रिएटर इकॉनमी रचनाकारों और उनके दर्शकों या श्रोताओं के बीच सीधा रिश्ता कायम करने में मदद करती है।

इसका एक पहलू रचनात्मक स्वतंत्रता का भी है, जिसमें क्रिएटरों के पास यह स्वतंत्रता होगी कि वे ऐसी सामग्री तैयार कर सकें जो उनके नजरिये और उनके मूल्यों के अनुकूल हो। इससे नए श्रोता और दर्शक आकर्षित होंगे जिन्हें विश्वसनीय और विशिष्ट सामग्री की जरूरत होगी जो पारंपरिक मीडिया में उपलब्ध नहीं होती।

इसका इस्तेमाल वित्तीय, विधिक, चिकित्सा, शिक्षा, प्रौद्योगिकी तथा अन्य सेवाओं में किया जा सकता है, परंतु क्रिएटर इकॉनमी को उभारने के लिए पर्याप्त विधायी नवाचारों की भी आवश्यकता होगी।

# नए सूबेदारों को लेकर उलझन में भाजपा

राकेश अचल

देश के पांच में से तीन सूबे जीतने वाली भाजपा के लिए इन राज्यों में नए सूबेदारों का चयन कितना जटिल काम है ,ये चुनाव नतीजे आने के दो दिन अनिर्णय में बीत जाने से साबित हो रहा है । भाजपा को अब रायशुमारी के बजाय थोपाथापी से काम चलाना पडेगा,क्योंकि तीनों राज्यों में दो से अधिक बार सूबेदार [ मुख्यमंत्री ] रह चुके लोग पहले से मौजूद हैं। लेकिन उनका मॉडल बहुत पुराना हो चुका है। वे नए विधायकों को साथ लेकर अपने-अपने सूबों में मोदी की गारंटी जनता को दे पाएंगे, ये कहना कठिन है।

सबसे ज्यादा मुश्किल मध्यप्रदेश में है । मप्र में सत्ता का एक अनार है और बीमार अनेक। वहां कायदे से मौजूदा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ही सूबेदार बनने के लिए सबसे सुयोग्य व्यक्ति हैं ,लेकिन उन्हें पांचवीं बार सूबेदारी सौंपना भाजपा के लिए आसान काम नहीं है। पिछले बीस साल में मप्र में बहुत से नए दावेदार पैदा हो चुके हैं। भाजपा चाहे तो चौहान को ही आगामी लोकसभा चुनाव तक मौक़ा दे दे तो कोई नुक्सान होने वाला नहीं है । चौहान को चुनौती देने की स्थिति में फिलहाल मप्र में कोई नहीं है। मैंने देखा है कि पूरा चुनाव चौहान के इर्दगिर्द ही था। सूबेदारी के अन्य दावेदारों में शामिल कैलाश विजयवर्गीय, प्ह्लाद पटेल,वीडी शर्मा,केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और अंत में ज्योतिरादित्य का आदित्य सीमित था । सबसे ज्यादा सभाएं,रैलियां और जनसम्पर्क शिवराज सिंह चौहान के खाते में दर्ज है।




मेरा अनुमान है कि भाजपा हाईकमान मप्र में नए प्रयोग करने से बचेगा,अन्यथा उसे मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है,हालांकि सूबेदारी न मिलने से शिवराज सिंह चौहान बागी होने वाले नहीं हैं, लेकिन प्रदेश की जनता शायद इसे बर्दाश्त न करे। ज्योतिरादित्य सिंधिया कभी सूबेदार बनना नहीं चाहते क्योंकि वे तो सनातन महाराज है। महाराज कभी सूबेदार बनते नहीं किन्तु मोदी है तो मुमकिन भी है कि ज्योतिरादित्य सिंधिया को भी राजी होना पड़े।

मप्र की ही तरह राजस्थान में पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती बसुंधरा राजे है। वे महारानी कम, सूबेदार ज्यादा है। पहले भी सूबेदारी कर चुकीं हैं और आज भी उन्होंने शायद अपना दावा नहीं छोड़ा है ,किन्तु लगता है इस बार उन्हें निराश ही होना पडेगा,क्योंकि भाजपा हाई कमान राजस्थान को नाथ संप्रदाय के हवाले करना चाहता है। राजस्थान में भाजपा के पास एक बाबा है भी। वैसे तो भाजपा के पास महारानी के जबाब में एक रानी दीया कुमारी भी हैं लेकिन इनमें से किसी एक के पास भी बसुंधरा राजे जैसी धरा नहीं है। लेकिन कोई तो सूबेदारी करेगा है । देखिये किसकी लाटरी खुलती है। ये तो जाहिर है कि राजस्थान में भी मप्र कि तरह नवनिर्वाचित विधायकों कि पसंद का नेता सूबेदार नहीं बनने वाला है।

सबसे छोटे छत्तीसगढ़ राज्य में पूर्व के सूबेदार डॉ रमन सिंह हैं ,लेकिन उनका पानी उतर चुका है। यहां एकदम नया चेहरा ही सूबेदार बनाया जायेगा । वो आदिवासी होगा या पिछड़ा, ये कहना कठिन है। छत्तीसगढ़ में डॉ रमन सिंह अब भाजपा के लिए उतने महत्वपपूर्ण नहीं रहे जितने कि वे 2018 तक थे। वे विद्रोही स्वभाव के भी नहीं है। वे पार्टी हाई कमान के किसी भी फैसले को चुनौती देने की स्थिति में भी नहीं हैं। ऐसे में छत्तीसगढ़ को एकदम ताजा चेहरा सूबेदार के रूप में मिलने वाला है। तीनों राज्यों में केवल छत्तीसगढ़ है जहां भाजपा हाईकमान को ज्यादा कसरत नहीं करना पड़ेगी।

भाजपा के नए सूबेदार वे ही होंगे जो भाजपा के सुप्रीमो प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मन में होंगे। नवनिर्वाचित विधायकों का मन टटोलने की औपचारिकता जरूर होगी ,लेकिन होगा वो ही जो मंजूरे मोदी होगा। मोदी इस समय भाजपा के तारणहार है। उन्होंने जीत के जश्न में भी साफ़ कह दिया था कि अब देश को मोदी की गारंटी के पीछे चलना पडेगा। लेकिन ये देश को तय करना है कि ऐसा हो या नही। देश क्या तय करेगा अभी से नहीं कहा जा सकता। लेकिन एक बात तय है कि यदि आने वाले दिनों में देश का विपक्ष नए सिरे से भाजपा कि धर्मध्वजा लेकर चल रहे विजय के अश्व को नहीं रोकता तो देश आने वाले दिनों में एक अलग तरह का देश होगा।

बहरहाल सब दिल्ली की और ताक रहे है। तेलंगाना में नए सूबेदार का चयन कांग्रेस के लिए

# किस्सा-ए-आईएएसः इंटरव्यू में 2 बार रिजेक्ट, फिर हौसले ने दिलाई सफलता!

**सुरेश तिवारी**

कुछ दिनों पहले सोशल मीडिया पर एक तस्वीर बहुत वायरल हुई थी। इसमें एक आईएएस अधिकारी ने अपने दादा-दादी को दफ्तर बुलाकर अपनी कुर्सी पर बैठाकर सम्मान दिया और खुद पीछे खड़े हुए। यह तस्वीर सोशल मीडिया जिसने भी देखी, तारीफ के पुल बांध दिए। इसलिए कि लोगों ने इस तस्वीर में परिवार के संस्कारों को महसूस किया। उन्हें लगा कि आईएएस जैसी बड़ी कुर्सी तक पहुंचकर भी इस अधिकारी ने परिवार के बुजुर्गों को जो सम्मान दिया, वो आज के ज़माने में आसान बात नहीं है।

ये एक ऐसे आईएएस अधिकारी की कामयाबी की कहानी है, जो यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में दो बार असफल हुए। लेकिन, उन्होंने हार नहीं मानी और तीसरे प्रयास में सफल रहे। ये आईएएस अधिकारी हैं हितेश मीणा। वे अपने एक डायलॉग के लिए भी काफी चर्चित हुए थे। एक साक्षात्कार में, मीणा ने कहा था 'मुझे किताब दो, परीक्षा की तारीख बताओ और मुझे कितनी किताबें पढ़नी हैं, ये दिखाओ। यदि कोई मुझसे बेहतर प्रदर्शन कर दे, तो आप मेरा नाम बदल देना।'

दरअसल, संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा निश्चित रूप से भारत की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक है। परीक्षा में सफल होने के लिए उम्मीदवारों को सही रणनीति के साथ सही तरीके से भी तैयारी करना होती है। यूपीएससी परीक्षा को पास करने के लिए कई प्रयास और सालों की तैयारी करनी पड़ती है। केवल वे उम्मीदवार ही आईएएस, आईपीएस, आईएफएस और अन्य सिविल सेवक बनते हैं जो प्रीलिम्स, मेंस और इंटरव्यू के तीनों चरणों में सफलता पाते हैं।



हितेश मीणा राजस्थान के करौली जिला के गाधौली गांव से हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही सरकारी स्कूल से शुरू की। मिडिल और सेकेंडरी प्राइवेट स्कूल से पास की। मध्यमवर्गीय परिवार के हितेश मीणा किसान परिवार से हैं। दादा किसान रहे, जबकि हितेश के पिता टीचर और मां गृहणी हैं। यूपीएससी में सफलता पाने के लिए कैंडिडेट के साथ उसके परिवार की भी अहम भूमिका होती है और वो परिवार के समर्पण और हितेश के संस्कारों में दिखाई देती है। हितेश आज भी जब छुट्टियों में घर आते हैं, तो खेती में हाथ बंटाते हैं। कॉलेज की पढ़ाई के दौरान तो उन्होंने फसल की कटाई तक की।

हितेश मीणा बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के छात्र थे। वे अपने स्कूल में 12वीं कक्षा के टॉपर थे। इंटरमीडिएट पूरा करने के बाद, उन्होंने आसानी से जेईई में सफलता पाई और आईआईटी वाराणसी से सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक की डिग्री हासिल की। इसके बाद उन्होंने आईआईटी दिल्ली से एमटेक (ट्रांसपोर्ट इंजीनियरिंग) में किया। लेकिन, फिर उनका मूड बदल गया और उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने का फैसला किया। इस प्रतिभाशाली छात्र ने पहले दो प्रयासों (2016, 2017) में प्रीलिम्स और मेन्स दोनों परीक्षाओं में सफलता हासिल की। लेकिन, दुर्भाग्य से उन्हें दोनों बार इंटरव्यू में सफलता नहीं मिली। वे चयन सूची में जगह नहीं बना सके। हालांकि, उन्होंने हार मानने के बजाए तीसरी बार कड़ी मेहनत से अपनी तैयारी जारी रखी और आखिरकार उनकी मेहनत रंग लाई।

तीसरे प्रयास में उन्होंने सभी राउंड क्लियर किए और 2018 में ऑल इंडिया में 417 वीं रैंक हासिल की। फाइनल लिस्ट में उन्हें 977 अंक मिले। उन्हें हरियाणा कैडर अलॉट हुआ। वे फ़िलहाल अतिरिक्त उपायुक्त गुरुग्राम के पद पर तैनात हैं। उनकी पत्नी रेनू सोगन भी उनके बैच की ही आईएएस अधिकारी हैं, उनकी पोस्टिंग फ़िलहाल कोलकाता में है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in



कृषि विज्ञान केंद्र दमोह द्वारा भोपाल में आयोजित सी आर पी एफ डीआईजी सेंटर में मधुमक्खी पालन से सम्बंधित 4 दिवसीय प्रशिक्षण में अपने विचार रखेंदमोह कृषि विज्ञान केंद्र दमोह द्वारा आज भोपाल में सीआरपीएफ डीआईजी सेंटर में मधुमक्खी पालन से सम्बंधित 4 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। उक्त प्रशिक्षण में नेशनल बी बोर्ड दिल्ली, जेएनकेव्हीवही जबलपुर, कृषि विज्ञान केंद्र दमोह, चम्बल एग्रो एफपीओ तथा सी आर पी एफ के संयुक्त प्रयास से किया गया। उक्त प्रशिक्षण 06 से 09 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा हैं। इस प्रशिक्षण में नेशनल बी बोर्ड असिस्टेंट कमिश्नर भारत सरकार डॉ नवीन पटले, जेएनकेव्हीवही जबलपुर डीएएस डॉ डीपी शर्मा, केव्हीके दमोह सांसिटस्ट मनोज कुमार अहिरवार, प्रगतिशील किसान मनोज पटेल, चम्बल एग्रो एफपीओ नरेंद्र सिंह तोमर, श्रमवीर राजपूत, डॉ ओपीएस भदौरिया ने अपने विचार प्रस्तुत किये।

# स्टेशन से मुंशी चौक तक सडक़ हुई खस्ताहाल, चलना हुआ मुश्किल



**आमला।** नगर के पहुंच मार्ग कि मुख्य रेलवे स्टेशन से मुंशी चौक तक सडक़ पर जगह-जगह गड्ढे हो गये है। डामर की कमी होने से गिट्टी अब सड़क पर चलते राहगीरों पर चलते वाहनों से उछल रही है। लेकिन कोई विकल्प नहीं है जिससे खस्ता हो चुकी सडक़ पर चलने को विवश हैं। वहीं समस्या को परेशान जनता ने रेलवे सहलाकर समिति के सदस्य राजेन्द्र उपाध्याय चर्चा कि वहीं श्री उपाध्याय ने बताया कि मुंशी चौक तक सड़क बेहद खराब बनाई गई थी। इस सडक़ बनाने को लेकर डामर का उपयोग करने में कमी कि गई है। स्थानीय जनता ने पुनः सड़क निर्माण किए को लेकर रेलवे अधिकारियों से चर्चा कि है। सड क पर गड्ढों की वजह से रेलवे कर्मचारियों में रोष देखा जा रहा है। गड्ढे से होने आए दिन सडक़ हादसा की सभंवना बनी रहती है । जनता ने इस मार्ग का पुनर्निर्माण कराए जाने की जनप्रतिनिधि से मांग कि है।

# अंबेडकर बुद्धिस्ट चैरिटेबल सोसायटी द्वारा बाबा साहब को श्रद्धांजलि दी

औबेदुल्लागंज। अंबेडकर बुद्धिस्ट चैरिटेबल सोसायटी द्वारा भारत के संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी की 67 परिनिर्वाण दिवस पर अंबेडकर चौराहे पर स्थित अंबेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी बाबा साहेब भारत के संविधान लिखने वाले डॉ भीमराव आंबेडकर की आज पुण्यतिथि है. वे एक बहुत बड़े अर्थशास्त्री, न्यायविद, राजनीतिज्ञ, समाज सुधारक और राजनीतिक नेता थे. उन्होंने दलित पिछड़ी जाति के लिए काफी काम किया. वे समाज से भेदभाव को खत्म करना चाहते थे. उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन के लिए लोगों को प्रेरित किया और समाज में अछूतों को लेकर हो रहे भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था. उन्होंने हमेशा श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकार के बारे में बात की. उनकी मृत्यु 06 दिसम्बर 1956 को हुई थी. इसलिए इस दिन अंबेडकर जी की पुण्यतिथि मनाई जाती है और साथ ही इस दिन को महापरिनिर्वाण दिवस भी कहा जाता है इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष सुनील सेरिया सचिव अमित श्रीवास्तव भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे, महामंत्री सुनील वाल्मीकि, सुजीत यादव, राजेंद्र साहू गुड्डू, आमिर ममनून, मनोज चौरसिया, रामदास शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, भूपेंद्र मेहरा, उपेंद्र मालवीय, प्रीतम राजपूत, भारत निहाल, सुरेश केवट, प्रीतम सिंह नागर एवं कई लोगों ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि दी

# परिणाम के बाद हेमंत खण्डेलवाल को बधाई देने पहुंचे भाजपा समर्थक

## पड़ोसी जिले के भाजपा नेता भी पहुंचे बधाई देने

**बैतूल।** विधानसभा बैतूल के नवनिर्वाचित विधायक हेमंत खण्डेलवाल को जीत की बधाई देने के लिए नगर के मोती वार्ड स्थित विजय सेवा न्यास भवन में जनसैलाब उमड़ पड़ा। विधायक श्री खण्डेलवाल को बधाई देने, उनका स्वागत करने, माला पहनाने और मिठाई खिलाने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं-नेताओं सहित आमजनों में दिन भर होड़ लगी रही।

भाजपा की बड़ी जीत से हेमंत खण्डेलवाल के विधायक बनने तथा मध्यप्रदेश में पुन~ भाजपा की सरकार बनने से उत्साहित बैतूल जिले सहित पड़ोसी जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं-नेताओं ने हजारों की संख्या में विजय सेवा न्यास भवन पहुंचकर ढोल ढमाकों के साथ पुष्पहारों और गुलदस्तों से विधायक हेमंत खण्डेलवाल का गर्मजोशी से स्वागत किया एवं मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी। श्री खण्डेलवाल ने आत्मीयता से बधाई स्वीकार कर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल की बड़ी जीत से जिले भर के जनता के बीच उत्साह है । बुधवार दोपहर से लेकर शाम तक श्री खण्डेलवाल को बधाई देने और उनका स्वागत करने के लिए जनसैलाब उमड़ता रहा। भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि मंडलों, नगरीय निकाय, पंचायत प्रतिनिधियों, चिकित्सकों, अधिवक्ताओं, पत्रकारों, व्यवसायियों, दुकानदारों,



अधिकारियों, कर्मचारियों सहित हर वर्ग के मतदाताओं ने हजारों की संख्या में पहुंचकर श्री खण्डेलवाल को बड़ी जीत के लिए बधाई देकर उनका स्वागत किया। श्री खण्डेलवाल का स्वागत करने में महिलाएं भी पीछे नहीं रही। बड़ी संख्या में लाड़ली बहनों ने विजय सेवा न्यास भवन पहुंचकर श्री खण्डेलवाल को मिठाई खिलाकर बधाई दी और गुलदस्ता भेंट कर उनका सम्मान किया।

### हरदा-टिमरनी के भाजपा नेताओं ने साफा बांधकर किया सम्मान

हरदा-टिमरनी के भाजपा नेताओं और किसानों ने भी हेमंत खण्डेलवाल की बड़ी जीत होने पर साफा बांधकर, माला पहनाकर उनका सम्मान किया और मुंह मीठा कराया। श्री खण्डेलवाल को साफा बांधकर सम्मान करने वालों में पूर्व भाजपा संगठन मंत्री राजेंद्र सिंह राजपूत टिमरनी, हरदा जिला पंचायत में सांसद प्रतिनिधि नर्मदाप्रसाद सावनेर पप्पू भैय्या, भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रहटगांव बेनीसिंह राजपूत, भाजपा किसान मोर्चा मंडल महामंत्री रहटगांव रामकृष्ण सोलंकी, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष महेश्वर सिंह चंदेल, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष गोकुल सिंह चौहान, भाजपा ग्रामीण मंडल कोषाध्यक्ष चंद्रभान सिंह चंदेल, भाजपा नेता नितिन सिंह गौतम, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह चौहान, राजेश सिंह चौहान सहित हरदा-टिमरनी के भाजपा नेता-कार्यकर्ता शामिल थे।

# नवनिर्मित छत्रपति शिवाजी महाराज बस स्टैंड होगा जल्द शुरू

## कैमरों से सज्जित है नया बस स्टैंड नर्मदापुरम



इटारसी नगरपालिका द्वारा जनता की सुविधा के लिए बनाया गया छत्रपति शिवाजी महाराज बस स्?टैंड का निरीक्षण नगरपालिका अध्?यक्ष पंकज चौरे ने किया। इस दौरान सीएमओ रितु मेहरा, उपयंत्री आदित्?य पांडे मौजूद थे। बस स्?टैंड पर लगभग सारी यात्री सुविधाएं जुटा ली गई हैं। अब जल्?दी ही यहां बसें यात्रियों के लिए रुकना शुरु हो जाएंगी। आरटीओ विभाग ने भी बस स्?टैंड संचालन के सारे नाम्स पूरे कर दिए हैं।

नगरपालिका अध्?यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि पुरानी इटारसी के बस स्?टैंड पर यात्री सुविधा पूरी कर ली गई हैं। यहां पर प्रतीक्षालय में यात्रियों के लिए कुर्सी लगाई जा रही हैं, सुलभ कॉम्?प्?लेक्?स भी सुलभ इंटरनेशनल को संचालित करने के लिए दिया जा रहा है। रात्रि में लाइट की व्?यवस्?था कर दी गई है। यात्रियों के पेयजल के लिए वॉटर कूलर लगाया गया है। इसके अलावा सुरक्षा के लिए यहां 12 सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। श्री चौरे ने बताया कि उन्?होंने आरटीओ की जिला अधिकारी निशा चौहान से चर्चा की है, उन्?होंने बताया कि बस स्?टैंड संचालन के लिए जो प्रकिया होती है वह उनके विभाग ने पूरी कर दी है।

**बस ऑपरेटर्स से करेंगे मीटिंग-** नगरपालिका अध्?यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि जल्?दी ही सभी बस ऑपरेटर्स से मीटिंग करेंगे। उन्?हें नए बस स्?टैंड पर बसें रोकने के लिए निर्देशित किया जाएगा। इसके अलावा उन्?हें बस स्?टैंड पर क्?या क्?या सुविधाएं उनके हिसाब से चाहिए वह भी पूछेंगे और उन्हें भी जल्दी पूरा करेंगे

### राजस्थान से मध्य प्रदेश पहुंची करणी सेना विरोध की आग

# विरोध प्रदर्शन कर दोषियों पर कड़ी सजा की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम एस डी एम को सौपा ज्ञापन

बैरसिया।। राजस्थान के जयपुर में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की बीते दिनों दिन दहाड़े उनके ऑफिस में घुसकर तीन आरोपियों ने गोली मारकर हत्या कर दी।जिसके बाद राजस्थान के साथ साथ मध्य प्रदेश में भी विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया।

बुधवार को बैरसिया में करणी सेना के अध्यक्ष सचिन सिंह सोलंकी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में राजपूत समाज के लोगो ने बस स्टैंड चौराहा पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की और आरोपियों को गिरफ्तार कर फांसी की सजा एवं एनकाउंटर की मांग को लेकर तहसील कार्यालय पहुंचे।तहसील कार्यालय में राज्यपाल के नाम एस डी एम को ज्ञापन सौपा।

इस दौरान बैरसिया करणी सेना कें अध्यक्ष सचिन सिंह सोलंकी ने कहा कि करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी सामाजिक एवं राष्ट्रहित में निरंतर सर्वोच्य भागीदारी करते रहे थे।क्या इस देश मे गैंगस्टरों का राज चल रहा है।इस हत्या के पीछे कौन है।इसकी निष्पक्ष सी बी आई जांच कराई जाए ।

उन्होंने कहा कि सुखदेव सिंह गोगामेड़ी सर्व समाज के नेता थे।उनकी नृशंस हत्या की गई है।देश एवं प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद है।उन्होंने चेतावनी देते हुए




कहा कि अगर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तार कर कार्रवाही नही की गई तो आने बाले दिनों में राजपूत करणी सेना पूरे देश मे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में राजपूत समाज के लोग मौजूद थे।

## कलेक्टर के निर्देशन में जिले में लगाये जा रहे रेवेन्यू कैम्प

छतरपुर। कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में जिले में राजस्व अधिकारियों द्वारा पंचायतों में राजस्व समस्या निवारण कैम्प आयोजित किये जा रहे हैं। जिसमें फौती नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, रास्ता विवाद, पीएम किसान सम्मान निधि सम्बंधित मामलो एवं सीएम हेल्पलाइन का मौके पर निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में महाराजपुर के ग्राम मऊ में राजस्व शिविर लगाया जिसमें नामांतरण बंटवारा सहित जन्म प्रमाण पत्र संबंधित आवेदनों का निराकरण किया गया। इसी तरह राजनगर के ग्राम तिंदनी, बक्स्वाहा में ग्राम कुशमांढ, बिजावर के ग्राम पंचायत खैराकला, चंदला, छतपुरा, नौगांव के दौरिया एवं मलपुरा में भी राजस्व कैम्प आयोजित किए गए।


# यूएनएफपीए के अंतर्गत भूटान के प्रतिनिधि मंडल की दो दिवसीय एक्सपोजर विजिट सम्पन्न

**छतरपुर।** भारत के पड़ोसी देश भूटान एक 15 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल मध्यप्रदेश के भम्रण पर है। प्रतिनिधि मंडल के सदस्य दो दिवसीय विजिट पर छतरपुर पहुंचे। प्रतिनिधि मंडल ने छतरपुर जिले में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं आयुष्मान भारत उमंग स्कूल कार्यक्रम के तहत जिले के 4 ग्रामों धमौरा, भेलनपुरवा, चितरही और बृजपुरा का भम्रण किया। जहां साथिया ब्रिगेड मीटिंग कार्य, आशाओं के कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने हायर सेकेण्डरी स्कूल निवारी और सीएम राइज मॉडल स्कूल छतरपुर का भम्रण किया। स्कूलों में रूटीन विषय के अलावा स्वास्थ्य, जेंडर आधारित एवं नशामुक्ति शिक्षा की जानकारी देने के लिए एक-एक महिला पुरूष शिक्षक नोडल बनाए गए हैं। जिन्हें यूएनएफपीए द्वारा टेऊंड किया गया है। जिसके बारे में जानकारी ली।



इसके पश्चात प्रतिनिधि मंडल की कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर संदीप जी.आर. की अध्यक्षता में संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक हुई। उन्होंने कलेक्टर श्री जी.आर ने कहा कि छतरपुर जिले में यूएनएफपीए के तहत गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित प्रसव के लिए विकासखण्ड स्तर पर अल्ट्रासाउण्ड स्कैनिंग जांच की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। पोषण में सुधार के लिए कुपोषित बच्चों को सामान्य बच्चों की श्रेणी में लाने के लिए 8 पोषण पुर्नवास केन्द्र संचालित किये गये है। इसी तरह बच्चों के पोषण सुधार के लिए मुनगा के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसकी पत्तियां और फालिया गुणकारी होती इनसे पोषण में सुधार होता है। जिले में मुनगा के 15 हजार पौधे रोपे गये है। आंगनवाड़ियों के माध्यम से बच्चों को पोषण आहार दिया जा रहा है। सुरक्षित प्रसव के लिए संबंधित ग्रामों में महिलओं के लिए प्रेग्नेंट क्लब बनाये गये है। ताकि नवीन माताओं को प्रसव से संबंधित सही जानकारी मिल सके। इसीतरह मेन्स क्लब भी बनाये गये है। कलेक्टर ने बताया कि जननी सुरक्षा एक्सप्रेस गर्भवती महिलाओं के लिए समर्पित एक एम्बुलेंस चलाई जाती है। इसके अलावा जल जीवन मिशन के तहत हर-घर नल से पानी उपलब्ध कराने की योजना क्रियांवित है जिसमें महिलाओं के स्किल डेवलपमेंट के लिए इलैक्ट्रीशियन एवं प्लंबर की ट्रेनिंग दी गई है। उन्होंने एनआरसी, एसएनसीयू, पीआईसीयू के सफल संचालन की भी जानकारी दी। छतरपुर आए भूटान के प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों को कलेक्टर ने स्मृति चिन्ह के रूप में महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा भेंट की।भूटान प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों द्वारा जिला अस्पताल का भी भ्रमण किया गया जहां उनके द्वारा उमंग किशोर स्वास्थ्य केन्द्र, बच्चा एवं महिला वार्ड सहित विभिन्न वार्डो, लेबर रूम, ओटी एवं एनआरसी का भी निरीक्षण किया और बेहतर सुविधाएं होने पर सराहना की गई। सदस्यों द्वारा जिले में स्वास्थ्य एवं शिक्षा संबंधी हो रहे बेहतर कार्यो का फीडबैक उनके देश भूटान में दिया जाएगा। बैठक में सहायक कलेक्टर कार्तिकेय जायसवाल, यूएनएफपीए म.प्र. प्रमुख डॉ सुनील थॉमस, आरकेएसके राज्य कार्यालय से उप संचालक डॉ उपेंन्द्र धोटे, कार्यक्रम अधिकारी अनुराग सोनवाल्कर, प्रतिनिधि आरकेएसके विजय तिवारी, सीएमएचओ डॉ लखन तिवारी, डीईओ शिक्षा विभाग एम.के. कोटार्य, आरकेएसके जिला समन्वयक दीपेश नायक, डीपीएम राजेन्द्र खरे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्राम काजी किर्रोंदा-15 वर्षों से जहाँ विवाह नहीं हुए


काजी किर्रोंदा ( गंजबासौदा,विदिशा,म.प्र ) लगभग 800 की आबादी वाला दांगी बाहुल्य यह गाँव यूँ तो प्रदेश के अन्य गांवों की तरह सामान्य सा गाँव ही है लेकिन बीते दिनों आंगनबाड़ी कार्यकर्ता 62 वर्षीय गीताबाई दांगी की एक पहल के कारण इन दिनों चर्चा में है.

कहानी शुरू से ही शुरू करते हैं. वर्ष 2008 की सर्दियों की बात है .एक किसान से अनजाने में अपने खेत से गाय भगाते समय गाय मर गई.यह महज़ एक दुर्घटना भर थी.लेकिन गाय के प्रति अति संवेदनशील समाज ने इसे गोहत्या माना और सम्बंधित का सामाजिक बहिष्कार कर उसका हुक्का-पानी बन्द करने का फरमान सुना दिया.आनन-फ़ानन में बैठी गाँव की पंचायत ने निश्चित किया कि यदि सम्बंधित गंगास्नान कर गंगभोज करे और किसी कन्या का धर्मविवाह कर प्रायश्चित करे तो ही उसे समाज में शामिल किया जा सकेगा.सम्बंधित ने यह सब कर दिया उसका सामाजिक बहिष्कार भी समाप्त हो गया लेकिन गाँव वाले अभी भी मुक्त नहीं हो सके हैं !!

**समस्या क्या है?**: वर्ष 2008 से आज लगभग 15 वर्ष होने को आये लेकिन तभी से गाँव में वैवाहिक कार्यक्रम बन्द हैं. ग्रामीणों में यह अंधविश्वास बहुत गहरे बैठा है कि जो भी पहले-पहल विवाह करेगा उसे उस कथित गौहत्या के पाप में भागीदार होना पड़ेगा और शास्त्रानुसार पता ने कितने करोड़ वर्षों तक नरक भोगना पड़ेगा.इसलिये कोई भी इस पापभय के कारण पहल नहीं करना चाहता .हद तो यह है कि कोई पुरोहित भी विवाह संपन्न कराने तैयार नहीं होता !

ऐसा नहीं है कि बीते 15 वर्षों में गाँव के बेटे-बेटियों के विवाह ही नहीं हुए हैं .लेकिन गांव से बाहर जाकर ही विवाह करते हैं. जो सम्पन्न हैं वे शहरों के मैरिज गार्डन का रुख करते हैं और जो साधन सम्पन्न नहीं है वे आसपास के गांवों के देवस्थानों पर जाकर विवाह संपन्न करते हैं. बीते 15 वर्षों में दर्जनों विवाह आसपास के कुल्हार,नरोदा,किसनोदा, उदयपुर आदि गांवों में जाकर सम्पन्न किये गए हैं.इस समस्या से पूरा गाँव परेशान है.

**गीताबाई दांगी और तुलसी-शालिग्राम विवाह-** इस समस्या के समाधान का बीड़ा उठाया गाँव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता 62 वर्षीय गीता बाई दांगी ने. उन्होंने न केवल अपने गाँव की बल्कि आसपास के गाँव समदपुर, नरोदा, कुल्हार, देवीपुर, भुआरा,बाढ़ेर,झिलीपुर आदि गांवों की महिलाओं को भी संगठित किया.आपस में धनसंग्रह कर बीती देवउठनी एकादशी के बाद द्वादशी को ÷ तुलसी-शालिग्राम ÷ विवाह का भव्य आयोजन किया.उनका साथ दिया ग्राम कुल्हार के युवा एवं प्रगतिशील पुरोहित पंडित अंजनी कुमार दुबे( भोलू महाराज ) ने.वे अपने गांव से अपने शालिग्राम भगवान को दूल्हा बनाकर गाजे-बाजे के साथ बारात लेकर ग्राम काजी किर्रोंदा आये जहाँ बधू तुलसी जी की तरफ से गीता बाई दांगी एवं ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया .गारी-गीतों के साथ ज्योनार हुई .ढोल बजे और जमकर आतिशबाजी की गई.मुख्य बाराती के रूप में पूज्य संत गंगादास जी महाराज एवं अन्य साधुसमाज उपस्थित रहा.

उम्मीद है कि गीताबाई दांगी की यह पहल रंग लाएगी और गाँव में ही शादी-विवाह करने का रास्ता खुल जायेगा .

चांद और सूरज पर विजय के आकांक्षी देश के गाँवो में आज भी अंधविश्वास का गहरा अंधेरा पसरा हुआ है. लगातार आगे बढ़ते बदलते देश के पांवों में पड़ी इन बेड़ियों को काटने की जिम्मेदारी हम सभी भारतीयों की है.





## कार्यालय नगर परिषद औबेदुल्लागंज जिला रायसेन (म.प्र.)

cmoobaidullaganj@mpuban.gov.in Ph-07480-224068

क्रमांक /1342 / राजस्व / न.प. / 2023 — औ.गंज दिनांक 06/12/2023

**हकअंतरण आपत्ति सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मप्र नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 151 के तहत नगर परिषद के संपत्ति कर खाते में हकअंतरण की कार्यवाही की जाना है। अतः जिन व्यक्तियों को निम्नलिखित वार्ड क्रं.........के समक्ष लिखित व्यक्तियों व भवन भूखण्ड के हकअन्तरण में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति नगर परिषद औबेदुल्लागंज के कार्यालय में लिखित प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते है समय अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा संबंधित व्यक्तियों के नाम हकअन्तरण की कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. | नस्ती भवन भूमि / प्लाट / वार्ड का विवरण | विक्रेता का नाम | क्रेता का नाम | क्षेत्रफल | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | व्यवसायिक प्लाट जिसका क्षेत्रफल 10454.4 वर्गफिट वार्ड क 01 विशनखेडा औ.गंज तह गौ गंज जिला रायसेन म.प्र. | श्री सुरेश आ. श्री मुन्शीलाल श्रीमति लीला बाई पत्नी कैलाश निवासी वार्ड क 01 विशनखेडा औ. गंज तह गौ.गंज जिला- रायसेन | 01 श्रीमति ज्योति माहेश्वरी पत्नी श्री शिवकुमार महेश्वरी 02 श्रीमति किरण माहेश्वरी पत्नी श्री सतीश कुमार महेश्वरी निवासी वार्ड क्रं. 14 औ. गंज तह. गौ. गंज जिला रायसेन म.प्र. | व्यवसायिक प्लाट जिसका क्षेत्रफल 10454.4 वर्गफिट | शपथ पत्र एवं विक्रय पत्र के आधार पर |
| 2 | आवासीय मकान भूखण्ड क 62 जिसका क्षेत्रफल 18×35=630 वर्गफिट वार्ड क्र. 02 विद्या नगर औ. गंज तह. गौ गंज जिला - रायसेन | 01 श्रीमति सपना सेठी पत्नी श्री शंकर सेठी 02 शंकर सेठी आ. श्री खेमचन्द निवासी वार्ड क्र. 02 महावीर कालोनी औ.गंज तह गौ. गंज जिला- रायसेन म.प्र. | 01 श्रीमति घपिया बाई पत्नी श्री रूपसिंह 02 श्री रूपसिंह आ. इमरतसिंह निवासी ग्राम मडकासिया तहसील गौहरगंज जिला - रायसेन म.प्र. | आवासीय मकान भूखण्ड क 62 जिसका क्षेत्रफल 18×35-630 वर्गफिट | शपथ पत्र एवं विक्रय पत्र के आधार पर |
| 3 | आवासीय मकान भूखण्ड क 111 जिसका क्षेत्रफल 20×30 = 600 वर्गफिट वार्ड क्र. 02 विधा नगर औ. गंज तह गौ गंज जिला - रायसेन म.प्र. | श्रीमति आरती यादव पत्नी श्री मुकेश यादव निवासी वार्ड क्र. 11 इन्द्रा नगर मण्डीदीप तहसील गौहरगंज जिला- रायसेन म.प्र. | 01 श्री भारत पवार आ. श्री हरचरण पवार 02 श्रीमति लता बाई पत्नी श्री हरचरण पवार निवासी वार्ड 15 दीनदयाल कालोनी औ. गंज तह गौ गंज जिला - रायसेन म.प्र. | आवासीय मकान भूखण्ड क 111 जिसका क्षेत्रफल 20×30 = 600 वर्गफिट | शपथ पत्र एवं विक्रय पत्र के आधार पर |
| 4 | आवासीय मकान रेल्वे फाटक के पास वार्ड क्र. 09 हिरानिया औ.गंज तह गौ गंज जिला रायसेन म.प्र. | श्रीमति धनिया बाई पत्नी स्व श्री मथुरा प्रसाद लोधी निवासी रेल्वे फाटक के पास वार्ड क्र. 09 हिरानिया औ. गंज तह गौ गंज जिला रायसेन म.प्र. | श्री रूपेश लोधी आ. प्रताप सिंह लोधी निवासी रेल्वे फाटक के पास वार्ड क्रं. 09 हिरानिया औ गंज औ. गंज तह गौ गंज जिला रायसेन म.प्र. | आवासीय मकान रेल्वे फाटक के पास वार्ड क्र. 09 हिरानिया औ. गंज तहसील गौहरगंज जिला - रायसेन म.प्र. | शपथ पत्र एवं वसियत नामे के आधार पर |
| 5 | आवासीय मकान भूखण्ड क बी 139 जिसका क्षेत्रफल 15×40-600 वर्गफिट वार्ड क्र. 02 महावीर कालोनी औ गंज तह गौ गंज जिला रायसेन म.प्र. | श्रीमति कुन्ती बाई पत्नी स्व. श्री रामअवतार निवासी वार्ड 03 खिल्लीखेडा औ. गंज तह गौ गंज जिला - रायसेन म.प्र. | श्री ब्रजकिशोर नागर स्व. श्री चुन्नीलाल नागर ग्राम प्रेमतालाब औ. गंज तह गौ गंज जिला - रायसेन म.प्र. | आवासीय मकान भूखण्ड क बी 139 जिसका क्षेत्रफल 15×40=600 वर्गफिट | शपथ पत्र एवं विक्रय पत्र के आधार पर |
| 6 | आवासीय प्लाट क 123 जिसका क्षेत्रफल 20×30-600 वर्गफिट वार्ड क 15 शारदा नगर औ. गंज तह गौ. गंज जिला - रायसेन म.प्र. | श्री अनस मुस्तफा आ. श्री शराफत उल्ला निवासी वार्ड 05 लोधी मोहल्ला औ. गंज तह गौ गंज जिला रायसेन म.प्र. | श्रीमति शाहीना पत्नी मोहसिन खान निवासी वार्ड क्र. 09 हिरानिया औ. गंज औ. गंज तह गौ.गंज जिला रायसेन म.प्र. | आवासीय प्लाट क्र. 123 जिसका क्षेत्रफल 20×30 = 600 वर्गफिट | शपथ पत्र एवं विक्रय पत्र के आधार पर |
| 7 | नगर परिषद बस स्टेड के अन्दर वाली दुकान क्र. 04 क्षेत्रफल 9×12=108 वर्गफिट | स्व. श्री विपिन खन्ना आ. स्व. श्री आर.के. खन्ना निवासी निवासी वार्ड क्र. 15 दीनदयाल कालोनी औ गंज तह गौ गंज जिला - रायसेन म.प्र. | श्री नवनीत खन्ना आ. स्व. श्री आर. के. खन्ना निवासी वार्ड क्र.15 दीनदयाल कालोनी औ.गंज तह गौ गंज जिला रायसेन | नगर परिषद बस स्टेड के अन्दर वाली दुकान क्र. 04 क्षेत्रफल 9×12=108 वर्गफिट | शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमात्र पत्र सहमति पत्र के आधार पर |
| 8 | आवासीय भूखण्ड क 110 जिसका क्षेत्रफल 600 वर्गफिट वार्ड क्र. 02 अशोक विहार प्लान ए औ. गंज तह गौ गंज जिला रायसेन म.प्र. | श्री प्रेमशंकर शर्मा आ. स्व. श्री चुन्नीलाल शर्मा निवासी वार्ड क्र. 09 हिरानिया औ. गंज तह गौ गंज जिला रायसेन म.प्र. | श्री आनंद आ. श्री गणेश निवासी ग्राम बघवाडा होशंगाबाद जिला - नर्मदापुरम | आवासीय भूखण्ड क्र. 110 जिसका क्षेत्रफल 600 वर्गफिट | शपथ पत्र एवं विक्रय पत्र के आधार पर |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद औबेदुल्लागंज**




## एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध एसएमई कंपनियों ने पार किया एकलाख करोड़ रुपये का बाजार पूंजीकरण

**मुंबई ।** भारत के अग्रणी स्टॉक एक्सचेंज, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने पहली बार एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर एक लाख करोड़ का बाजार पूंजीकरण देखा। 2012 में अपनी स्थापना के बाद से, एनएसई एसएमई प्लेटफॉर्म ने हमारे देश के बढ़ते छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए एक व्यवहार्य और टिकाऊ अवसर प्रदान करने में उत्प्रेरक के रूप में काम किया है। आज तक, 397 कंपनियां 7,800 करोड़ से अधिक की फंड जुटाने के साथ एनएसई इमर्ज पर सूचीबद्ध हुई हैं। वर्ष 2017 में लॉन्च किया गया निफ्टी एसएमई इमर्ज इंडेक्स, जिसमें वर्तमान में 19 क्षेत्रों की 166 कंपनियां शामिल हैं, ने नवंबर 2023 तक 39.78त्न का सीएजीआर दिखाया है, जो एक उल्लेखनीय ट्रैक रिकॉर्ड और हमारे देश के समग्र आर्थिक विकास में एसएमई क्षेत्र के बढ़ते योगदान को दर्शाता है।

## क्लीन टेक्सटाइल इनोवेशन कंपनी एल्गीइंग ने इनोवेटिव एल्गी-पॉवर्ड फाइबर लाने के लिए बिड़ला सेलूलोज़ के साथ की साझेदारी

**मुंबई, एजेंसी।** सस्टेनेबल कपड़ा निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए, क्लीन टेक्सटाइल इनोवेशन में अग्रणी, एल्गीइंग ने मेन मेड सेल्यूलोसिक फाइबर में प्रमुख बिड़ला सेलूलोज़ के साथ मिलकर काम करना शुरू किया है। पार्टियों ने एक शानदार, एल्गी-पॉवर्ड सेल्यूलोसिक फाइबर विकसित करने और लाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जो पर्यावरण के अनुकूल है और उपयोगकर्ता को कई लाभ प्रदान करता है। इस सहयोग पर टिप्पणी करते हुए, आदित्य बिड़ला समूह और बिड़ला सेलूलोज़ के चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर डॉ. एस्पी पटेल ने कहा, एल्गीइंग के साथ यह सहयोग उपभोक्ताओं को अधिक सस्टेनेबल फाइबर देने पर बिड़ला सेलूलोज़ के फोकस के साथ मेल खाता है।

## एचडीएफसी बैंक, रिजर्व बैंक इनोवेशन हब ने आई-इनोवेट लॉन्च किया

**बेंगलुरु, एजेंसी।** वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने की दिशा में एक अग्रणी एचडीएफसी बैंक ने आज आई-इनोवेट पेश करने के लिए रिजर्व बैंक इनोवेशन हब (आरबीआईएच) के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की, जो एक राष्ट्रव्यापी पहल है जो विशेष रूप से दिव्यांग व्यक्तियों पर ध्यान केंद्रित करने वाले चैंपियन फिनटेक के लिए डिज़ाइन की गई है। यह पहल विशेष रूप से सहायक प्रौद्योगिकी (एटी) का लाभ उठाने पर केंद्रित है ताकि न केवल वृद्धि की जा सके, बल्कि दिव्यांग व्यक्तियों के लिए वित्तीय समावेशन में क्रांतिकारी बदलाव भी लाया जा सके। रिजर्व बैंक इनोवेशन हब, भारतीय रिज़र्व बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, जो वित्तीय क्षेत्र में नवाचार के लिए अनुकूल माहौल बनाने के प्रयासों का नेतृत्व करती है।

## सैमको म्यूचुअल फंड ने डायनेमिक एसेट एलोकेशन फंड लॉन्च किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रतिष्ठित निवेश प्रबंधन फर्म, सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने डायनेमिक एसेट एलोकेशन फंड (डीएएएफ) को लॉन्च किया है। यह अनूठा फंड निवेशकों को आज के गतिशील बाजार परिवेश में स्थिरता, विकास क्षमता और नकारात्मक पक्ष से सुरक्षा का विशिष्ट मिश्रण प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह भारत का पहला डीएएएफ है जो कठिन समय में पूरी तरह से ऋण में स्थानांतरित होने की क्षमता के साथ गति मॉडल का पालन करता है। श्रेणी में समान मॉडल मौजूद नहीं है।

## एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध एसएमई कंपनियों ने पार किया एकलाख करोड़ रुपये का बाजार पूंजीकरण

**मुंबई।** भारत के अग्रणी स्टॉक एक्सचेंज, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने पहली बार एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर एक लाख करोड़ का बाजार पूंजीकरण देखा। 2012 में अपनी स्थापना के बाद से, एनएसई एसएमई प्लेटफॉर्म ने हमारे देश के बढ़ते छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए एक व्यवहार्य और टिकाऊ अवसर प्रदान करने में उत्प्रेरक के रूप में काम किया है। आज तक, 397 कंपनियां 7,800 करोड़ से अधिक की फंड जुटाने के साथ एनएसई इमर्ज पर सूचीबद्ध हुई हैं। वर्ष 2017 में लॉन्च किया गया निफ्टी एसएमई इमर्ज इंडेक्स, जिसमें वर्तमान में 19 क्षेत्रों की 166 कंपनियां शामिल हैं, ने नवंबर 2023 तक 39.78त्न का सीएजीआर दिखाया है, जो एक उल्लेखनीय ट्रैक रिकॉर्ड और हमारे देश के समग्र आर्थिक विकास में एसएमई क्षेत्र के बढ़ते योगदान को दर्शाता है।

## एसएमई कंपनियों ने पार किया एक लाख करोड़ रुपये का बाजार पूंजीकरण

**होशंगाबाद, एजेंसी।** भारत के अग्रणी स्टॉक एक्सचेंज, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने पहली बार एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर एक लाख करोड़ का बाजार पूंजीकरण देखा। 2012 में अपनी स्थापना के बाद से, एनएसई एसएमई प्लेटफॉर्म ने हमारे देश के बढ़ते छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए एक व्यवहार्य और टिकाऊ अवसर प्रदान करने में उत्प्रेरक के रूप में काम किया है। आज तक, 397 कंपनियां 7,800 करोड़ से अधिक की फंड जुटाने के साथ एनएसई इमर्ज पर सूचीबद्ध हुई हैं। वर्ष 2017 में लॉन्च किया गया निफ्टी एसएमई इमर्ज इंडेक्स, जिसमें वर्तमान में 19 क्षेत्रों की 166 कंपनियां शामिल हैं, ने नवंबर 2023 तक 39.78 प्रतिशत का सीएजीआर दिखाया है, जो एक उल्लेखनीय ट्रैक रिकॉर्ड और हमारे देश के समग्र आर्थिक विकास में एसएमई क्षेत्र के बढ़ते योगदान को दर्शाता है।

## सोनालीका ने नवंबर 23 में अब तक की सबसे अधिक 16.3 प्रतिशत बाज़ार हिस्सेदारी के साथ नया कीर्तिमान हासिल किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड, सोनालीका ट्रैक्टर्स कृषि कार्यों में उत्कृष्टता प्रदान करने में विश्वास करता है और अपने हैवी ड्यूटी ट्रैक्टर पोर्टफोलियो के साथ किसानों के लिए प्रगति सुनिश्चित करता है। हर प्रकार की मिट्टी के लिए अनुकूलित ट्रैक्टर विकसित करते हुए, कंपनी ने नवंबर23 में अब तक की सबसे अधिक 16.3 प्रतिशत बाज़ार हिस्सेदारी हासिल की है। सोनालीका ने नवंबर में 12,891 ट्रैक्टरों की शानदार कुल बिक्री दर्ज की, जो नवंबर22 में 10,464 ट्रैक्टर बिक्री की तुलना में 23 प्रतिशत की उच्चतम वृद्धि से संचालित है। इसके साथ, सोनालीका ने नवंबर23 में उद्योग की वृद्धि (अनुमानतः 2 प्रतिशत) को भी पीछे छोड़ दिया है और लगातार 7 वर्ष (वित्त वर्ष18 - वित्त वर्ष24) से लगातार 1 लाख ट्रैक्टर बिक्री का आंकड़ा पार किया है। त्योहारी सीज़न के दौरान अनुकूल परिस्थितियों के साथ-साथ सोनालीका की समय पर उत्पाद उपलब्धता और आदर्श उत्पाद मिश्रण ने कंपनी को अपनी नवीनतम उपलब्धि हासिल करने में सक्षम बनाया। नया शानदार प्रदर्शन तेज़ी से कृषि विकास और किसानों के प्रगतिशील भविष्य को आकार देने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। सोनालीका ट्रैक्टर्स वर्तमान में 15 लाख

# फोर्ब्स ताकतवर महिलाएं: वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सहित चार भारतीय शामिल

**नई दिल्ली।** फोर्ब्स ने दुनिया की जिन 100 सबसे ताकतवर महिलाओं को शामिल किया है उनमें केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सहित चार भारतीय महिलाएं शामिल हैं। इस सूची में निर्मला सीतारमण के अलावा तीन और भारतीय महिलाओं को स्थान मिला है जिन्होंने बिजनेस सेक्टर की दुनिया में अलग ही मुकाम हासिल किया है।

फोर्ब्स की दुनिया की 100 सबसे ताकतवर महिलाओं की लिस्ट में शामिल हुईं निर्मला सीतारमण को 32वें पायदान पर रखा गया है। निर्मला सीतारमण मई 2019 में भारत की पहली वित्त मंत्री बनीं और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय की भी जिम्मेदारी संभाल रही हैं. वित्त मंत्री के साथ ही लिस्ट में जिन तीन अन्य भारतीय महिलाओं को स्थान दिया गया है. उनमें एचसीएल की सीईओ रोशनी नादर मल्होत्रा, स्टील अथारिटी आफ इंडिया की चेयरपर्सन सोमा मंडल और बायोकान की फाउंडर किरण मजूमदार शॉ भी शामिल हैं।

**रोशनी नादर मल्होत्रा:** सबसे ताकतवर महिलाओं में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ ही शामिल रोशनी नादर मल्होत्रा एचसीएल के संस्थापक और उद्योगपति शिव नादर की बेटी हैं. फोर्ब्स के मुताबिक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज की सीईओ के रूप में वह कंपनी के सभी



रणनीतिक निर्णयों की जिम्मेदारी संभाल रही हैं. उन्होंने जुलाई 2020 में अपने पिता के बाद इस जिम्मेदारी को संभाला था।

सोमा मंडल सरकारी स्वामित्व वाली स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) की पहली महिला अध्यक्ष हैं. साल 2021 में उन्हें ये जिम्मेदारी दी गई थी और खास बात ये है सोमा मंडल के नेतृत्व में सेल लगातार फायदे में बनी हुई है और उनकी लीडरशिप के पहले वर्ष में कंपनी के मुनाफे में तीन गुना उछाल दर्ज किया गया था।

**किरण मजूमदार-शॉ :** फोर्ब्स की लिस्ट में शामिल किरण मजूमदार-शॉ भारत की सबसे अमीर सेल्फ-मेड महिलाओं में से एक हैं। साल 1978 में बायोफार्मास्युटिकल फर्म बायोकॉन की स्थापना उनके द्वारा की गई थी।

**दुनिया की तीन ताकतवर महिलाएं-** फोर्ब्स की सूची में दुनिया की सबसे पावरफुल महिलाओं की इस बार की लिस्ट में यूरोपीय आयोग की प्रेसिडेंट उर्सुला वॉन डेर लेयेन को नंबर-1 पायदान पर रखा गया है. वहीं दूसरे नंबर पर यूरोपीय सेंट्रल बैंक की अध्यक्ष क्रिस्टीन लेगार्ड हैं। दुनिया की तीसरी सबसे ताकतवर महिला भारतीय मूल की अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस हैं।

## गर्लफ्रेंड को देने के लिए नहीं मिले फूल तो खोल ली दुकान, आज कई देशों में है बिजनस, बना दी अरबों की कंपनी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विकास गुटगुटिया वह शख्स है, जिसे अपनी गर्लफ्रेंड को देने के लिए मार्केट में फूल नहीं मिले थे, तो उन्होंने फूलों का बिजनस ही शुरू कर दिया। यह बिजनस इतना फला-फूला कि आज उनकी कंपनी का करोड़ों का टर्नओवर है। गुटगुटिया ने सिर्फ 5,000 रुपये के साथ फूलों का बिजनस शुरू किया था। लेकिन यह उनकी मेहनत और लगन का ही परिणाम है कि कारोबार ने दिन दोगुनी रात चौगुनी तरक्की की। अब वे अपनी कंपनी को 500 करोड़ रुपये के टार्गेट तक पहुंचाना चाहते हैं।

**दिल्ली के मार्केट में नहीं मिले फूल-** बिजनस शुरू करने की हर किसी की एक कहानी होती है। लोग कहीं ना कहीं से प्रेरणा लेकर ही स्टार्टअप शुरू करते हैं। लेकिन विकास गुटगुटिया की कहानी दिलचस्प है। उन्होंने बताया था कि यह 1994 से पहले की कहानी है। वे अपनी प्रेमिका को फूल देना चाहते थे। लेकिन दिल्ली के मार्केट में उन्हें ऐसे फूल या गुलदस्ता नहीं मिला, तो उन्हें पसंद आ सके। विकास ने देखा कि फुटपाथ के फूल मुर्झाए हुए रहते थे। यहीं से उन्हें फूलों का बिजनस करने का आइडिया आया।

**5,000 रुपये से शुरू किया फूलों का बिजनस-** विकास ने फूलों की दुकान डालने की सोची। उन्होंने साल 1994 में फूल व गिफ्ट सेंटर शुरू किया। उन्होंने सिर्फ 5,000 रुपये से अपने बिजनस की शुरुआत की। धीरे-धीरे काम चलने लगा तो उन्हें एक पार्टनर मिल गया। इस पार्टनर ने उनके बिजनस में 2.5 लाख रुपये का इन्वेस्टमेंट किया। निवेश मिलते ही विकास के बिजनस को पंख लग गए। उन्होंने अपने बिजनस का विस्तार किया।

## आईआईएम अहमदाबाद में निसान इंडिया में आए बदलावों को केस स्टडी के तौर पर किया शामिल

**गुरुग्राम।** निसान ने भारत में बिग, बोल्ड एंड ब्यूटिफुल तथा कारोबार में नयापन लाने वाली निसान मैग्नाइट को तीन वर्ष पहले दिसंबर, 2020 में कोविड-19 महामारी के चुनौतीपूर्ण दौर में लॉन्च किया था, और तब से इसने निसान इंडिया के कारोबार में बड़े बदलाव लाने में अहम् भूमिका अदा की है। अपनी इनोवेटिव खूबियों के कारण निसान मैग्नाइट तुरंत ही ग्राहकों की पसंद बन गई और लॉन्च के पहले महीने में ही 32,800 ग्राहकों ने इसकी बुकिंग की। इसने एसयूवी, सेडान और हैचबैक सेगमेंट के ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित कर तमाम सीमाएं तोड़ दीं और ऑटो जर्नलिस्ट व मीडिया क्षेत्र से कई पुरस्कार हासिल किए। इसके लॉन्च और उसके पीछे की रणनीति की सफलता की शानदार कहानी का उल्लेख अब भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद (आईआईएमए) द्वारा तैयार की गई केस स्टडी में किया गया है। इस केस स्टडी का शीर्षक ॐमहामारी के दौर में मैग्नाइट की लॉन्चिंग– भारत में निसान का पुनरुत्थानॐ है। इस केस स्टडी को प्रोफेसर अमित कर्ण, प्रोफेसर ऑफ स्ट्रैटेजी, आईआईएमए और उनकी रिसर्च सहायक बुशरा कुरैशी ने तैयार किया है।

## सांसद के रूप में समर्पित और सक्रिय प्रयासों से क्षेत्र में किए कई विकास कार्य

### राजसमंद सांसद दीया कुमारी ने विधानसभा जीतने के बाद दिया लोकसभा सदस्यता से इस्तीफा



**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा चुनाव में विद्याधर नगर विधानसभा सीट से अपनी शानदार जीत के बाद राजसमंद से सांसद दीया कुमारी ने लोकसभा सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। 2019 में राजस्थान के राजसमंद निर्वाचन क्षेत्र से सांसद (लोकसभा) के रूप में चुनी गई दीया कुमारी ने एक सांसद के रूप में अपनी भूमिका को बखूबी निभाया। उन्होंने क्षेत्र के लिए पूरी तरह से समर्पित रहते हुए संसद में समय-समय पर जनता और विकास के मुद्दों को उठाया। उनके अथक और सक्रिय प्रयासों के कारण ही इस निर्वाचन क्षेत्र में बहुत से विकास कार्यों को गति मिल सकी।

दीया कुमारी ने क्षेत्र में आमजन की सुविधा और मांगों को ध्यान में रखते हुए रेल कनेक्टिविटी, रोड कनेक्टिविटी, इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार, पर्यटन, चिकित्सा, खेल और शिक्षा के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय कार्य किए हैं। हाल ही में दीया कुमारी के प्रयासों की बदौलत केन्द्रीय सरकार ने पुष्कर-मेड़ता और रास-मेड़ता रेल लाइन को स्वीकृति प्रदान की है। इसी कड़ी में मावली से मारवाड़ अमान परिवर्तन, नाथद्वारा से नाथद्वारा शहर तक रेल लाइन का शिलान्यास, ब्यावर, डेगाना, मेड़ता, गोटन, रेन रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाएं सहित कई अन्य विकास कार्य शामिल हैं।यात्रियों और स्थानीय निवासियों की सुविधा के लिए राजसमंद के कई रेलवे स्टेशनो पर ट्रेनों के ठहराव की स्वीकृति भी प्रदान करवाई।

इसके अतिरिक्त, आवागम सुगम बनाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों के चौढ़ाईकरण, सुदृढ़ीकरण कार्य, नए अंडरपास एवं ओवरब्रिज निर्माण सहित कई कार्य प्रगती पर हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना तृतीय चरण फेज 1 व फेज 2 में स्वीकृत सड़कें, सड़कों की मरम्मत और कई नवीन कार्य धरातल पर हैं। दीया कुमारी के प्रयासों से राजसमंद क्षेत्र शिक्षा के क्षेत्र में भी पीछे नहीं है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्कूलों तक पहुंच बढ़ाने के लिए स्कूलों में कई विकास कार्य हुए हैं। साथ ही राजसमंद, मेड़ता और भीम में तीन केंद्रीय विद्यालय भी स्वीकृत हैं।

## एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध एसएमई कंपनियों ने पार किया एकलाख करोड़ रुपये का बाजार पूंजीकरण

**मुंबई।** भारत के अग्रणी स्टॉक एक्सचेंज, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने पहली बार एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर एक लाख करोड़ का बाजार पूंजीकरण देखा। 2012 में अपनी स्थापना के बाद से, एनएसई एसएमई प्लेटफॉर्म ने हमारे देश के बढ़ते छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए एक व्यवहार्य और टिकाऊ अवसर प्रदान करने में उत्प्रेरक के रूप में काम किया है। आज तक, 397 कंपनियां 7,800 करोड़ से अधिक की फंड जुटाने के साथ एनएसई इमर्ज पर सूचीबद्ध हुई हैं। वर्ष 2017 में लॉन्च किया गया निफ्टी एसएमई इमर्ज इंडेक्स, जिसमें वर्तमान में 19 क्षेत्रों की 166 कंपनियां शामिल हैं, ने नवंबर 2023 तक 39.78त्न का सीएजीआर दिखाया है, जो एक उल्लेखनीय ट्रैक रिकॉर्ड और हमारे देश के समग्र आर्थिक विकास में एसएमई क्षेत्र के बढ़ते योगदान को दर्शाता है। इस साल की शुरुआत में, एनएसई ने नियामक अनुपालन के व्यापक सीखने के चरण के साथ उच्च गुणवत्ता वाली कंपनियों को बढ़ावा देने के लिए अपने मेनबोर्ड प्लेटफॉर्म पर एसएमई सूचीबद्ध कंपनियों के प्रवास पर अपने एनएसई इमर्ज मानदंड को मजबूत किया था। फिलहाल इसमें कंपनियां हैं। एनएसई के मुख्य व्यवसाय विकास अधिकारी श्री श्रीराम कृष्णन ने कहा, एनएसई की उभरती सूचीबद्ध कंपनियों का एक लाख करोड़ बाजार पूंजीकरण को पार करना एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह भारतीय एमएसएमई की छिपी हुई क्षमता को प्रदर्शित करता है जो हमारे देश की आर्थिक वृद्धि की प्रेरक शक्ति रही है। एनएसई में हम आगामी संगठनों के लिए धन जुटाने के अवसरों को सुविधाजनक बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि वे अपनी विकास कहानियों को चार्ट कर सकें और पूंजी बाजार को अधिक सुलभ बना सकें। हम भारतीय एमएसएमई से एनएसई इमर्ज के माध्यम से पूंजी जुटाने के वैकल्पिक स्रोत का पता लगाने का आग्रह करते हैं।

## टेक्नो ने 6699 रुपये में डायनैमिक पोर्ट के साथ इसके सेगमेंट के पहले 90 हर्ट्ज़ डॉट इन डिस्प्ले युक्त स्पार्क गो 2024 लॉन्च किया

### स्मार्टफोन में डायनैमिक पोर्ट के साथ सेगमेंट-फर्स्ट 90 हर्ट्ज़ डॉट-इन डिस्प्ले है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक स्मार्टफोन ब्रांड टेक्नो ने स्पार्क गो 2024 - भारत का अपना स्पार्क लॉन्च करके 7 हजार रुपये से कम कीमत वाले स्मार्टफोन सेगमेंट में क्रांति ला दी है। इसकी कीमत आकर्षक रूप से 6,699 रुपये से शुरू है।




2020 में स्पार्क गो सीरीज़ के आने के बाद से, यह पूरी तरह से गेम-चेंजर और ट्रेंड सेटर रहा है। अपने इनोवेटिव फीचर्स के साथ इसने तकनीकी परिदृश्य में हलचल मचा दी है। साथ ही इसकी कीमत को अधिकांश भारतीयों की पहुंच के भीतर रखा गया है। यही नहीं स्पार्क गो 2024 चीज़ों को एक पायदान ऊपर ले जाने के लिए यहाँ है! एस्पिरेशनल भारत की भावनाओं के अनुरूप डिज़ाइन किया गया, स्पार्क गो 2024 सिर्फ आवश्यकताओं को ही पूरा नहीं करता है; बल्कि इसमें अपूर्व अनुभव प्रदान करने वाली सेगमेंट-फर्स्ट फीचर्स का पूरा समूह है जिसमें काम से लेकर मनोरंजन तक सब कुछ शामिल है। साथ ही, यह जेब पर भारी भी नहीं पड़ेगा और, 3 जीबी रैम + 64 जीबी रोम संस्करण केवल 6699 रुपये में उपलब्ध होगा!

स्पार्क श्रृंखला के नए फोन पर टिप्पणी करते हुए, टेक्नो मोबाइल इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अरिजीत तालपात्रा ने कहा, क्रांतिकारी स्पार्क गो 2024 का लॉन्च पूरे देश में प्रौद्योगिकी को अपनाने को बढ़ावा देने के हमारे व्यापक मिशन में महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है। यह इनोवेटिव स्मार्टफोन पहुंच को फिर से परिभाषित करने में एक प्रकाशस्तंभ के रूप में खड़ा है और अधिक व्यापक जनसांख्यिकीय के लिए अभूतपूर्व सुविधाओं को पेश करता है। डिजिटल विभाजन को पाटने के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता यह सुनिश्चित करने के प्रति हमारे समर्पण को रेखांकित करती है कि उन्नत तकनीक हर किसी की पहुंच में है। स्पार्क गो 2024 प्रत्येक भारतीय को सशक्त बनाने के हमारे निरंतर प्रयास के प्रमाण के रूप में कार्य करता है, उन्हें एक ऐसा उपकरण प्रदान करता है जो प्रीमियम सुविधाओं को उनके दैनिक जीवन में सहजता से एकीकृत करता है। पांडा स्क्रीन सुरक्षा के साथ 6.56 डॉट-इन डिस्प्ले पर विजुअल फीस्ट के लिए तैयार हो जाइए - यह टिकाऊ और इमर्सिव है, बिल्कुल वही जो उपयोगकर्ताओं को चाहिए। सेगमेंट का पहला 90 हर्ट्ज़ डिस्प्ले स्क्रॉलिंग अनुभव को अगले स्तर पर ले जाता है, जिससे सब कुछ आसान हो जाता है।

## टाटा मोटर्स ने ऑल-न्यूइंट्रा वी70 पिकअप, इंट्रा वी20 गोल्ड पिकअप और ऐसएचटी+ लॉन्च किया

**मुंबई, एजेंसी।** भारत में कमर्शल वाहनों के सबसे बड़े निर्माता टाटा मोटर्स ने ऑल-न्यूइंट्रा वी70, इंट्रा वी20 गोल्डऔर ऐसएचटी+को लॉन्चा किया है। कंपनी ने माल या सामान को प्रभावी ढंग से एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने की प्रतिबद्धता के साथ यह गाड़ियां पेश की हैं। इन नए वाहनों को भारी सामान कम लागत में लंबी दूरी तक पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया है। इन वाहनों में अपनी श्रेणी के बेहतरीन फीचर्स हैं। इन गाड़ियों का प्रयोग कई कामों के लिए किया जाता है। यह शहरों और गांवों में ट्रांसपोर्टर्स को बेहतर मुनाफा और उत्पादकता मुहैया कराती है। टाटा मोटर्स ने लोकप्रिय इंट्रावी50 और ऐस डीजल व्हीकल्स का नया वर्जनलॉन्च किया। इसे स्वामित्व की कम लागत के साथ ईंधन की कम खपत करने के लिए फिर से बनाया गया है। नई गाड़ियों के लॉन्चि के साथ टाटा मोटर्स ने नए कमर्शल वाहन और पिकअप की बड़ी रेंज पेश की है। इससे उपभोक्ता अपनी जरूरतों के हिसाब से आदर्श वाहन पसंद कर सकते हैं।



अब देश भर में इन वाहनों की बुकिंग टाटा मोटर्स सीवीडीलरशिपपर खुल गई है। टाटा मोटर्स के एक्जीक्यूटिवडायरेक्टसर श्री गिरीश वाघने इन वाहनों को लॉन्चीकरते हुए कहा, तरह-तरह का सामान इधर से उधर ले जाने के लिए ये वाहन आदर्श समाधान मुहैया कराते हैं। हमारे छोटे कमर्शल वाहन और पिकअपउपभोक्ताओं को उनकी कमाई कासाधन मुहैया कराते हैं। इन वाहनों को अपने उपभोक्ताओं की जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए जाना जाता है। आज लॉन्च की गई गाड़ियों में प्रमुख फीचर्सजोड़े गए हैं। जिन लोगों को अपने सामान को काफी प्रभावी ढंग से इधर से उधर पहुंचाने की जरूरत होती है, उनकी तरफ से इस तरह के व्हीकल्स की काफी डिमांड है। ईंधन की खपत को कम से कम रखने के लिए इन गाड़ियों को डिजाइन किया गया है। इससे लंबी दूरी तक ज्यादा माल पहुंचाया जा सकता है। तेजी से बढ़ते शहरीकरण, फलती-फूलती ई-कॉमर्स की व्यवस्था, खपत में बढ़ोतरी, एक हब पर केंद्रित माल के वितरण का मॉडलविकसित हुआ है, लेकिन अब तक माल को बेहतरीन ढंग से एक जगह तक पहुंचाने में सक्षम और प्रभावी ट्रांसपोर्टेशन को उतना महत्व नहीं दिया गया है।

## एचडीएफसी बैंक 1200 से अधिक शहरों और 6,000 केंद्रों में सबसे बड़े रक्तदान अभियान का आयोजन करेगा

**मुंबई, एजेंसी।** भारत का अग्रणी निजी क्षेत्र का बैंक एचडीएफसी बैंक शुक्रवार, 8 दिसंबर, 2023 से शुरू होने वाले अपने राष्ट्रव्यापी रक्तदान अभियान के 15वें संस्करण को आयोजित करने की योजना बना रहा है। अपने प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम परिवर्तन के तहत भारत के 1200+ शहरों में 6,000 केंद्रों पर रक्तदान शिविर का संचालन करेगा।

इस वर्ष के रक्तदान अभियान में 4.5 लाख से अधिक रक्तदाताओं के भाग लेने की उम्मीद है। एचडीएफसी बैंक अपने कर्मचारियों, ग्राहकों, कॉरपोरेट्स, रक्षा बलों और स्थानीय समुदाय के सदस्यों सहित विभिन्न प्रकार के रक्त दानदाताओं को जुटाने के लिए तैयार है। इस साल एक अनोखे दृष्टिकोण में एचडीएफसी बैंक ने लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए फीलिंग ऑफ सेविंग समवन नामक एक फिल्म लॉन्च की है। फिल्म व्यक्तियों को इस जीवन रक्षक कार्य में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करती है और रक्तदान की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर जोर देती है। यह फिल्म बैंक के सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज की जाएगी, यह जनता के बीच उनके योगदान के प्रभाव के बारे में जागरूकता पैदा करेगा और अभियान में बड़े पैमाने पर रक्तदान के लिए प्रेरित करेगा। एचडीएफसी बैंक के कार्यकारी निदेशक, श्री भावेश ज़वेरी ने कहा, एचडीएफसी बैंक में हम लोगों को इस प्रयास में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने में बहुत गर्व महसूस करते हैं, क्योंकि दान किए गए रक्त की हर बूंद एक संभावित जीवन रक्षक है। अपने 15वें अखिल भारतीय रक्तदान अभियान के साथ हम नागरिकों को इस नेक काम में भाग लेने और अपना योगदान देने के लिए एक मंच देना चाहते हैं।

यह पहल 2007 में केवल 88 केंद्रों और 4000 दानदाताओं के साथ शुरू की गई थी जो केवल बैंक कर्मचारियों के बीच ही चलाई गई थी। पिछले कुछ वर्षों में इस अभियान का दायरा बढ़ा दिया गया और इसमें कॉलेज के छात्रों, कॉरपोरेट्स और सेना और सेवा कर्मियों को शामिल किया गया। इसे 2013 में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्सइ से सबसे बड़े (सिंगल डे, मल्टीपुल वेन्यू) रक्तदान अभियान के रूप में मान्यता और प्रमाणन प्राप्त हुआ। 2022 में बैंक ने 1.25 लाख यूनिट से अधिक रक्त एकत्र किया। कुछ महत्वपूर्ण दानकर्ता 1500+ कॉलेजों, 550+ कॉरपोरेट्स और 105+ रक्षा और सेवा कर्मियों से आए जिन्होंने रक्तदान अभियान में भाग लिया। एचडीएफसी बैंक के रक्तदान अभियान के बड़े पैमाने और व्यापक आधार ने देश के समग्र रक्त संग्रह को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# छिंदवाड़ा लोकसभा जिताने का संकल्प लें, जिले के विकास में कोई कमी नहीं आने दूंगाः शिवराज

## पहली बार पोला ग्राउंड में भाजपा की आम सभा में इतनी भीड़ देखी गई








**छिंदवाड़ा।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हम मिशन 2024 प्रारंभ कर रहे हैं। प्रदेश में पिछले चुनाव में 28 लोकसभा सीटें जीते थे अब हम 29 सीटें नरेन्द्र मोदी जी को जिताकर देंगे। हमारा मिशन 2024 आज से प्रारंभ हो गया है। उन्होने जिले की जनता से आव्हान किया कि वे 2024 में छिंदवाड़ा की लोकसभा सीट जिताकर देवें। उन्होने कहा कि प्रदेश में भाजपा को बम्फर बहुमत मिला है। छिंदवाड़ा में हम भले ही हार गए लेकिन जिले के विकास की जिम्मेदारी मेरी है। छिंदवाड़ा के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की आमसभा पोलाग्राउण्ड में थी,भाजपा के हारे सातों प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता जिन्होने विधानसभा में काम नहीं किया वे भी मंच पर उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मामा तो घूम रहा था और कमलनाथ का बिना नाम लिए कहा कि दादा यहीं फंस गए सवेरे शाम छिंदवाड़ा में रहे। जब पूछो कहा हैं तो पता चले की यहीं हैं आपने उन्हें बांध दिया तो मध्यप्रदेश में भाजपा की एकतरफा जीत हुई। लाड़ली बहना और कार्यकर्ता सम्मेलन में उन्होने कहा कि मैं कभी चुनाव के दौरान बुधनी नहीं गया लोगों ने कह दिया था कि आपको 1 लाख से ज्यादा वोटों से जिताएंगे आप तो सरकार बनाओ मैने भी वादा निभाया और प्रदेश में 163 सीटें लाकर भाजपा की झोली में डाल दी।



### लाड़ली बहना के बाद अब लखपति बहना

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं आपके लिए मुख्यमंत्री नही हूँ अपन तो भैया और मामा हैं। इस पद के आगे दुनिया के सारे पद बेकार हैं। स्वर्ग का सिंहासन भी बेकार है। लाड़ली बहनों के बाद अब अभियान होगा लखपति बहना लखपति बहना मतलब हर बहन को हर महीने दस हजार रूपए से ज्यादा मिलेंगे। साल में एक लाख रूपए से ज्यादा बहनो की आमदानी हो, यह भी करके रहूंगा इसके बिना चैन की सांस नहीं लूंगा।

### मध्यप्रदेश का मिशन 29 शुरू कर रहे

उन्होने कहा कि एक एक वादा पूरा होगा मैं आपको वचन देता हूँ कि भाजपा की सरकार हर संकल्प को पूरा करेगी। आज से हम मिशन मध्यप्रदेश का मिशन 29 शुरू कर रहे हैं इसका मतलब एमपी में लोकसभा की 29 सीटें हैं पिछली बार छिंदवाड़ा रह गई थी इस बार इसे भी जीतेंगे उन्होने आमसभा में उपस्थित लोगों को हाथ उपर उठाकर संकल्प दिलाया कि छिंदवाड़ा से भी लोकसभा की सीट भाजपा को जिताएं।

### आदिवासी कार्यकर्ता के यहां भोजन किया

सभा के बाद मुख्यमंत्री शिवराज पातालेश्वर क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 20 के बूथ अध्यक्ष मोहन मर्सकोले के घर पर पहुंचे यहां उन्होने भोजन किया। मोहन की पत्नि जशोदा और छोटी बहू काजल ने सीएम के लिए खाना बनाया था। मुख्यमंत्री के लिए सादा भोजन मक्के और बाजरा की रोटी, कढ़ी, टमाटर की चटनी, चने का सासग, दाल और चांवल रखे।

### नरेन्द्र मोदी जी भारत में भगवान का वरदान हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत में भगवान का वरदान हैं कहते हैं जब धर्म की हानि हुई और अधर्म बढ़ा तो धर्म की रक्षा के लिए भगवान आते हैं मोदी जी परमात्मा की इच्छा से इस धरती पर आए हैं। आज भारत विश्व गुरू बनने की ओर आगे बढ़ रहा है।

### अब दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा

कांग्रेस कहती थी राममंदिर वहीं बनाएंगे लेकिन तारीख नहीं बताएंगे लेकिन मोदी है तो मुमकिन है। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कश्मीर से धारा 370 हटाई, कश्मीर में शांति है। 2014 से पहले देश का दुनिया में मान सम्मान नहीं था लेकिन मोदी जी के प्रधानमंत्री बनते भारत का झंडा विश्व में लहरा रहा है। युक्रेन-रूस युद्व शुरू हुआ हमारे देश के बच्चे फंस गए थे लेकिन जब तिरंगा लेकर भारत के बच्चे निकले तो दोनो देशों ने युद्व बंद कर दिया और अपने चक्कर में पकिस्तान के बच्चे भी निकल गए।

### मुख्यमंत्री का जगह-जगह हुआ भव्य एवं आत्मीय स्वागत

शिवराज सिंह चौहान के एयर स्ट्रिप से मुख्य कार्यक्रम पोला ग्राउंड पुहंचने के दौरान इमलीखेड़ा चौक, चंदनगाँव चौक सहित मार्ग पर जगह-जगह लाडली बहनों और आम नागरिकों द्वारा पुष्पमालाओं, पुष्प वर्षा और पुष्प गुच्छ से भव्य एवं आत्मीय स्वागत अभिनंदन किया गया। कृषि विभाग, आंचलिक कृषि अनुसंधान केंद्र एवं कृषि विज्ञान केंद्र छिंदवाड़ा द्वारा



मुख्यमंत्री श्री चौहान का चंदनगांव चौक में छिंदवाड़ा जिले के श्रीअन्न (मिलेट्स) की बालियों से बना हुआ बुके भेंटकर स्वागत किया गया जिसे श्रीअन्न ज्वार, बाजरा, मक्का, कोदो, कुटकी और रागी की बालियों से तैयार किया गया है।

### होर्डिंग में नही थी एक दूसरे की फोटो

छिंदवाड़ा- पांढुर्ना की सातों विधानसभा सीट गुटबाजी में हाई हुई चौधरी चन्द्रभान सिंह और बंटी साहू का गुट अलग अलग है। शिवराज सिंह चौहान के आने पर दोनो नेताओं ने नगर में होर्डिंग लगाए थे। जिसमें एक दूसरे के फोटो होर्डिंग में नहीं लगे थे। जिससे जनता को गुटबाजी स्पष्ट दिखाई दे रही थी।

### झलकियां

* **हवाई पट्टी पर कार्यकारी अध्यक्ष प्रियवर सिंह ठाकुर एवं महामंत्री परमजीत की जमकर बहस हुई।**
* **आमसभा में गद्दारों को जूते मारों सालों के नारे भी लगे।**
* **चौरई के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं में आपस में मारपीट भी हुई, मारपीट का जो षड़यंत्र रचा गया था उसकी रिकार्डिंग सीएम को भी सुनाई गई।**
* **भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने जिलाध्यक्ष की शिकायत की**
* **हवाई पट्टी में अंदर जाने को लेकर सौरभ बावरिया को पुलिस ने बाहर निकाला**
* **मंच पर चढ़ने को लेकर राहुल मोहोड़ को जाने से मना किया तो वे पुलिस वाले पर बिफर गए।**

## संदीप रघुवंशी ने दी बधाई



**छिंदवाड़ा।** किसान नेता संदीप रघुवंशी ने प्रदेश में भाजपा सरकार बनने पर दिल्ली में संगठन के पदाधिकरियों एवं मुख्यमंत्री को बधाई दी एवं उनका आशीर्वाद लिया और छिंदवाड़ा लोकसभा जिताने का भरोसा दिलाया।

## विकास वात्सल्य संभागीय अध्यक्ष, विशाल माहेश्वरी जिला अध्यक्ष मनोनीत





**छिंदवाड़ा।** वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता के निर्देश पर, प्रदेश महामंत्री विजय झांझरी की अध्यक्षता में हुई कोर कमेटी की बैठक में संभागीय/जिला युवा ईकाई में नई पदस्थापनाएं की गई हैं। जिला ईकाई द्वारा छिंदवाड़ा संभाग की युवा कार्यकारिणी में वर्तमान संभागीय अध्यक्ष सिवनी के प्रवेश भालोटिया को संभागीय प्रभारी के पद पर पदोन्नत करते हुए छिंदवाड़ा के विकास वात्सल्य को संभागीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इसी प्रकार छिंदवाड़ा जिला युवा कार्यकारिणी में वर्तमान जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू को जिला प्रभारी के पद पर पदोन्नत करते हुए उनके स्थान पर विशाल माहेश्वरी को नए जिला अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया है। नए पदाधिकारियों को नियुक्ति पर पदाधिकारियों और सदस्यों रमेश जाखोटिया, जे पी नेमा, प्रभुनारायण नेमा, किरण सोनी, सुधा सोनी, अनिल सिंघई, नरेंद्र अग्रवाल और अन्य सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं ।

## एथेलेटिक्स में विकासखंड के 3 खिलाड़ियों का हुआ चयन



**बिछुआ।** जनजाति कार्य विभाग द्वारा आयोजित क्षेत्र संभाग स्तरीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता 6 दिसम्बर को सिवनी जिले के कुरई में आयोजित की गई थी। जिसमें शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा कुमारी निशा इनवाती ट्रिपल जम्प (तिहरी कूद) जम्प में प्रथम,100 मीटर दौड़ में द्वितीय, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बिछुआ से हीरासिंह मरकाम 200 मीटर दौड़ में प्रथम, 200 मीटर दौड़ में कुमारी कशिश चौधरी का चयन हुआ है। जो आगामी विभागीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 7 व 8 दिसम्बर को सिवनी जिले के कुरई अपना प्रदर्शन करेंगे। उनके चयन पर सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग सत्येन्द्र सिंह मरकाम, ट्रायवल जिला खेल अधिकारी शिक्षिकाएं और छात्राओं ने शुभकामनाएं दी।

## कार छोटा हाथी की भिड़ंत चार गंभीर



**छिंदवाड़ा।** सिवनी रोड स्थित श्रीजी लान के सामने छिंदवाड़ा से सिवनी की ओर जा रही कर अनियंत्रित होकर गलत दिशा में आ गई जहां सामने से आ रहे छोटा हाथी से भिड़ंत हो गई इस घटना में कार में सवार सभी तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं छोटा हाथी का चालक भी घायल हो गया साथ ही सड़क पर चल रही एक स्कूटी सवार महिला भी घटना की चपेट में आने से चोटिल हो गई कुंडीपुरा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया है कार बिना नंबर की है जो कि सिवनी निवासी व्यक्ति की बताई जा रही है।

## सिद्धचक्र महामंडल विधान की खुशी में हुई भजन संध्या



**छिंदवाड़ा।** अहिंसा के प्रणेता 1008 तीर्थंकर महावीर भगवान के 2550 वें निर्वाण महोत्सव वर्ष के पावन अवसर पर श्री दिगम्बर जैन मुमुक्षु मंडल, अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन एवं बाबाजी परिवार के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 25 दिसंबर से 1 जनवरी 2024 तक विविध अनुष्ठानों के साथ श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का होगा भव्य एवं मंगलमय आयोजन जो श्री वीतराग भवन अहिंसा स्थली गोल गंज में किया जा रहा है।फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने बताया की आठ दिवसीय मंगल महोत्सव को लेकर मंडल, फेडरेशन एवं बाबाजी परिवार द्वारा जोरदार तैयारी की जा रही है। जिसमे पूरे प्रदेश एवं देश से विद्वानों सहित जैन बंधु छिंदवाड़ा आ रहे हैं।विधान की खुशी में मंगलवार 5 दिसंबर की रात्रि श्रीमती चंपादेवी जुगराजजी जैन बाबाजी परिवार के निवास गुलाबरा में आध्यात्मिक भजन संध्या का आयोजन रखा गया इस अवसर पर श्रावकगणों ने सुंदर चंबर नृत्य कर मां जिनवाणी का गुणगान करते उन्हे नमन किया। सौभाग्यशाली परिवारों का किया अभिनंदन भजन संध्या के दौरान विधान के सौभाग्यशाली परिवारों का अभिनंदन किया गया। जिसमे विधान उदघाटनकर्ता परिवार श्रीमती मंजू सुरेंद्र जैन पंकज, पंच परमागम विराजमान कर्ता परिवार में श्रीमती मालती रमेशचंद्र सिंघाई, रानी डॉ. के.सी.जैन, पदमा सुरेंद्रकुमार जैन, प्रगति राजेश जैन एवं सेवकराम जैन बड़ामलहरा का मंडल मंत्री अशोक वैभव, फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन सहित महेंद्र जैन, सचिन जैन सहित समाज बंधुओं ने अभिनंदन कर शुभकामनाएं दी गई।

## डॉ. अम्बेडकर का बौद्ध महासभा ने किया अभिवादन



**छिन्दवाड़ा** - भारतीय बौध्द महासभा द्वारा संविधान निर्माता डॉ. बाबा सहाब अम्बेडकर के 67वें परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर अभिवादन सभा का आयोजन किया गया। सभा के आयोजन में त्रिरत्न जनकल्याण समिति सुजाता महिला संघ के उपासक, उपासिका एवं भीम सैनिक भारी संख्या में उपस्थित रहें। समारोह का संचालन जिला उपाध्यक्ष एड़. राजेष सांगोड़ द्वारा किया गया। सर्वप्रथम डॉ. बाबा सहाब अम्बेडकर की प्रतिमा एवं भगवान बुध्द के छायाचित्र पर माल्यापर्ण प्रदेष उपाध्यक्ष एड़. रमेश लोखंड़े, जिला उपाध्यक्ष एड़. राजषे सांगोड़े, सुनीता निकोसे, कोषाध्यक्ष लेखराम पगारे, संगठक वंसन्ता सोमकुवर, त्रिरत्न जनकल्याण समिति सौंरक्षक मनोहर नारनवरे, एस.आर. बेले, एड. प्रषांत गजभिये उपस्थित थे

## सेवादल ने संविधान निर्माता को दी श्रद्धांजलि

**छिन्दवाड़ा।** भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब अम्बेड़कर की पुण्यतिथि पर आज कांग्रेस सेवादल ने उन्हें अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। देश को छुआछूत और पर्दा प्रथा के कलंक से मुक्त कराने वाले डॉ. भीमराव अम्बेड़कर की पुण्यतिथि पर कांग्रेस सेवादल ने उन्हें नमन करते हुये श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सुरेश कपाले ने कहा कि श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन लेकर बाबा साहेब अम्बेड़कर ने अछूतों दलितों से सामाजिक भेदभाव के खिलाफ अभियान चलाकर उसे समाप्त किया।

## आदिवासी ने जननायक क्रांतिकारी टंट्या भील का बलिदान दिवस मनाया



**परासिया।** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद शाखा बड़कुही द्वारा आदिवासी जननायक क्रांतिकारी टंट्या मामा का बलिदान दिवस नगर बड़कुही दुर्गा मंदिर प्रांगण में मनाया गया द्य जिसमें मुख्य रूप से अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद छिंदवाड़ा की अध्यक्ष श्रीमती माया धुर्वे, संजय सराठी, परासिया की अध्यक्ष दुर्गा उईके, उपाध्यक्ष अंजू उईके, राहुल सराठी, बड़कुही नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष मुनिराज इंदौरकर, कृष लाल परतेती, निलेश मर्सकॉले, मयूर सललाम, अंकित उईके, रुपेश इरपाची, उज्जवल मेहरा, घनश्याम बर्खे, अनिल डेहरिया, मुन्नू इवनाती, भानु भलावी, रोहित, सुनील सललाम, राकेश सरेआम, शंभू धुर्वे, सुभाष नररे, लकी एवं अन्य आदिवासी समाज के गणमान्य नागरिक गण उपस्थित रहे द्य आदिवासी समाज के पदाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम टंट्या मामा के चित्र पर तिलक लगाकर एवं सवर्णी गाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की द्य तत्पश्चात मुख्य वक्ता के रूप में रूपेश इरपाची, माया धुर्वे, मुनिराज इंदौरकर एवं उज्जवल मेहरा ने टंट्या मामा के जीवन वृत एवं आदिवासी समाज के लिए टंट्या मामा द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख किया द्य मंच संचालन एवं आभार राहुल सराठी द्वारा किया गया ।

## पार्षद संदीप सिंह चौहान ने बाटा आमंत्रण

### राम मंदिर के लिए दीपावली मनाने का किया आग्रह



छिंदवाड़ा। भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी और विशेष वार्ड 42 गुलाबरा के पार्षद श्री संदीप सिंह चौहान ने नगर के प्रमुख स्थानों पर अयोध्या में श्रीराम मंदिर के भव्य कार्यक्रम के लिए आमंत्रण बाटा।उन्होंने जनता से आह्वान किया कि सभी 22 जनवरी को दीपावली मनाए। घर घर दीप जलाए। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी और विशेष वार्ड 42 के पार्षद संदीप सिंह चौहान ने कहा कि प्रभु श्री राम 14 वर्ष के बाद घर लौटे थे। तब अयोध्या में पहली दिवाली मनाई गई थी। आने वाली 22 जनवरी को 495 साल बाद रामलाल अपने जन्म स्थान श्री राम जन्मभूमि अयोध्या लौट रहे हैं। इस शुभ दिन पर भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी पूजनीय संतों और तपस्वियों की उपस्थिति में श्री राम जन्मभूमि मंदिर राष्ट्र को समर्पित करने जा रहे हैं। इसलिए हम सब मिलकर 22 जनवरी को घर, मंदिर, सड़क चौराहो पर दीप जलाकर अभूतपूर्व दिवाली मनाए। प्रभु श्री राम को नमन करें और इस संदेश को दूर-दूर तक फैलाएं।इस अवसर पर सुरेंद्र देशमुख, मयूर चौरसिया सहित अन्य सनातनी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कच्चीढाना माइंस मैनेजर की कार्यप्रणाली चर्चा में

# मूलभूत समस्याओं को तरस रहे ग्रामीण

### कच्छीढाना मैग्नीज खदान के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**सौसर।** जिम्मेदार पदों पर बैठे हुए माइनिग एवं राजस्व अधिकारियों के द्वारा ध्यान नहीं देने के चलते लापरवाही एवं अव्यवस्था के बीच में कच्चीढाणा खदान का संचालन किया जा रहा है।खदान से निकलने वाले ओवरलोड ट्रकों के कारण करोड़ों रुपए खर्च कर बनाई गई प्रधानमंत्री ग्रामीण योजना सड़क दम तोड़ते जा रही है। 25 से 30 टन का ओवरलोड परिवहन प्रतिदिन सैकड़ो बार कुड़ड़म रामपेठ ग्रामीण सड़क पर किया जा रहा है। ओवरलोड डंपरों की आवाजाही के कारण इस ग्रामीणों की लगातार दुर्घटनाएं हो रही है।अधिकार क्षेत्र के बाहर जाकर खनन का कार्य जारी है। रात दिन हो रहे खनन ब्लास्टिंग के कारण पर्यावरण दूषित हो रहा है। खदान प्रबंधन के द्वारा पर्यावरण को सुरक्षित रखने को लेकर कोई व्यवस्था नहीं बनाई गई है।

### एग्रीमेंट की शर्तों से मुकर रहा है खदान प्रबंधन

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसारकच्चीढाणा माइंस में खनन के चलते सैकड़ो किसानो की जमीन गई है।परंतु लंबा समय गुजर जाने के बाद में आज तक पीड़ित ग्रामीणों की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। कच्चीढाना कॉलोनी में निवास करने वाले ग्रामीनो को यहां पर मूलभूत सुविधाओं ओर अपने हक अधिकार के लिए माइंस प्रबंधन एवं प्रशासनिक अधिकारियों के दफ्तरों के 8 सालों से चक्कर काटने पड़ रहे है। बावजूद अभी तक पीड़ित किसानों के भूखंड की रजिस्ट्री नहीं हुई है। घर का मालिकाना हक नहीं मिला है। एग्रीमेंट के दौरान की गई शर्तों से खदान प्रबंधन पूरी तरह मुकर गया है।

### किसान मालिकाना हक के लिए राष्ट्रपति प्रधानमंत्री को लिखेंगे पत्र

कच्चीढाणा कॉलोनी के निर्माण के साथ यहां पर माइस प्रबंधन के द्वारा पीड़ित किसानों को मूलभूत सुविधाएं एग्रीमेंट में लिखित तौर पर देने के बावजूद अभी तक सुविधाये नहीं दी जा रही है। जिसमे स्कूलभवन, पानी आंगनबाड़ी भवन, सड़के, बस स्टॉप, शौचालय, ग्राउंड, मंदिर मस्जिद,मोक्षधाम,कब्रस्थान, भूखंड रजिस्ट्री,घर का मालिकाना हक,पट्टे आदि शामिल है। पूर्व में कई बार सौसर से लेकर तो जिला प्रशासन तक आवेदन देने के बाद भी कछिढाना माइन्स प्रबंधन पर कार्रवाई किसानों मांगे पूरी नहीं हो रही है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यकारणी अध्यक्ष संदीप भकने,रामपेठ सरपंच गोमाजी उइके ने बताया कि कच्चीढाणा खदान में विगत 8 वर्षों से ग्रामीणों की मांग है की मेंग्नीज खदान द्वारा जो कच्छीढाना टोला अन्यत्र बसाया है। उस भुखण्ड का मालखाना हक रजिस्ट्री व मुलभुत सुविधायें विस्थापन का मुआवजा भी नहीं दिया गया है। मोक्षधाम कब्रस्तान आंगनवाड़ी भवन मंदिर, मस्जिद, शौचालय, सड़क बिजली पानी आदि समस्याओं के लिए ग्रामीणों को हर दिन परेशान होना पड़ता है। इन समस्याओं को लेकर पूर्व में कई बार बड़े अधिकारियों और कंपनी को आवेदन ज्ञापन दिए हैं।

### ब्लास्टिंग के कारण धस रही है दमामी ग्रामीण सड़क

पैसे कमाने के लालच में खदान प्रबंधन के द्वारा शासन के नियमों के विरुद्ध जाकर काम किया जा रहा है। यहां होने वाली ब्लास्टिंग खनन के कारण कच्चीढाणा रामपेठ के घरों में दरारे आ रही है। वही माइंस से लगी हुई ग्राम दमानी की सड़क मैं दरारे पड़ के कारण सड़क धसती जा रही है। ग्राम दमानी के ग्रामीणों के लिए लाखों रुपए खर्च कर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से बनी ग्रामीणसड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। ब्लास्टिंग के कारण हो रहैसड़क भुसखनन को लेकर ग्रामीणों के द्वारा कंपनी प्रबंधन एवं सौसर प्रशासन को कई बार सूचित किया गया है बावजूद इसके राजस्व एवं माइनिंग विभाग में बैठे हुए अधिकारियों के कानों पर जो नहीं रेग रही है। नप्रतिनिधियों से न्याय दिलाने की मांग की है। वही कच्चीढाणा माइंस में पदस्थ मैनेजर की कार्यप्रणाली को लेकर भी क्षेत्र में अनेक चर्चाएं है।

## 68 वां महापरि निर्माण दिवस मनाया

**परासिया।** कांग्रेस सेवा दल द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर 68 वा महापरि निर्माण दिवस मनाया गया सेवादल के मुख्य संगठन सुरेश कापले ने बताया कि आज डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का 68 वा महा परिनिर्वाण दिवस मनाया गया जिसमे सेवादल द्वारा अंबेडकर तिराहा पर जाकर अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माला अर्पण किया गया जिसमे राकेश मरकाम द्वारा संविधान के बारे मे जानकारी दी गई शबाना यास्मीन द्वारा बताया गया कि अंबेडकर जी ने महिलाओं और अनुसूचित जाति जनजाति और सभी वर्गों को ध्यान में रखकर संविधान का निर्माण किया ।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में नीम , गुलमोहर और अमरूद के पौधे रोपे।

# मप्र के कई जिलों में आज बारिश के आसार, अगले दो दिन धुंध और बादल रहेंगे

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के शहरों में गुरुवार सुबह कोहरा और धुंध रही। भोपाल में सुबह धुंध छाई रही, 8 बजे के बाद धूप खिली। दिन में बादलों और सूर्यदेव के बीच लुकाछिपी जारी थी। उज्जैन, जबलपुर, भिंड, सागर, नर्मदापुरम में कोहरा रहा। पन्ना में हल्की बारिश हुई।

बंगाल की खाड़ी से उठा तूफान मिचौंग कमजोर हो रहा है, लेकिन नमी की वजह से प्रदेश में अगले एक-दो दिन तक बादल छाए रहेंगे। हवाओं का रुख उत्तरी होने से सर्दी भी बढ़ेगी। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि गुरुवार को कई जिलों में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। बुधवार को जबलपुर, सिवनी, मंडला, उमरिया, छिंदवाड़ा और बालाघाट जिले के मलाजखंड में हल्की बारिश हुई। बुधवार को सिवनी प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। यहां 1 ही दिन में पारे में 7.2 डिग्री तक की गिरावट हुई। दिन का तापमान 18 डिग्री सेल्सियस पर आ गया।



सीनियर मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि हवाओं की दिशा उत्तर-पश्चिमी और उत्तर-पूर्वी होने से सर्दी बढ़ जाएगी। रात के साथ दिन में भी सर्दी का हल्का असर रहेगा। रात के तापमान में 1 से 2 डिग्री की गिरावट होगी।

बुधवार रात मध्यप्रदेश में ग्वालियर सबसे ठंडा रहा। यहां न्यूनतम पारा 13.5 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। पचमढ़ी में यह 15.0 डिग्री रहा। नर्मदापुरम में सबसे ज्यादा 20 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा।

**भोपाल में 23.9 डिग्री तापमान रहा-** भोपाल में बुधवार को पूरे दिन बादल छाए रहे और सर्द हवाएं चलती रहीं। यहां 23.9 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। इंदौर में पारा 21.1 डिग्री, ग्वालियर में 24.8 डिग्री, जबलपुर में 21.5 डिग्री और उज्जैन में 22 डिग्री पर बना रहा।

## इंदौर निगम के ठेकेदार सुसाइड केस में खुलासा, कमीशन के लालच में अफसर ने बना दिया पेटी कॉण्ट्रेक्टर

**इंदौर।** इंदौर के तुकोगंज इलाके में एसिड पीकर जान देने वाले निगम के सीनियर ठेकेदार की मौत की जांच में एक नया नाम सामने आया है। इस पूरे मामले में नगर निगम से कुछ महीने पहले ही नगर निगम की ओर से वीआरएस देकर रिटायर किए गए एक अफसर की संदिग्ध भूमिका का खुलासा हुआ है।



बताया जाता है कि उक्त अफसर के पास एक न्यू ब्रांड कार है, जिसकी किश्त मृतक के अकाउंट से जा रही थी। इसी अफसर ने अमरजीत को शहर के सौंदर्यीकरण का काम हाथ में ले चुकी एक कंपनी से पेटी कॉण्ट्रेक्ट पर दिलाया था। इस काम के बदले निगम अफसर ने मोटा कमीशन भी लिया था। मौत से दो दिन पहले रिटायर्ड अफसर और ठेकेदार के बीच नगर निगम के टेंडर में उलझे पैसों को लेकर मीटिंग भी हुई थी। लेकिन अफसर ने हाथ खड़े कर दिए थे। घटना की सुबह भी सीनियर ठेकेदार ने कॉल किया। लेकिन रिटायर्ड अफसर ने मामले से पल्ला झाड़ लिया। इसके चलते ठेकेदार ने डिप्रेशन में सुसाइड कर लिया।

**कमीशन के लालच में करोड़ों रुपए के ठेकों में उलझाया-** नगर निगम के सीनियर ठेकेदार अमरजीत सिंह भाटिया निवासी रेसकोर्स रोड की मौत के मामले में तुकोगंज पुलिस ने परिवार से प्रारंभिक पूछताछ की है। परिवार ने बताया कि किस तरह से अफसर ने अमरजीत सिंह से कमीशन के लालच में करोड़ों रुपए के ठेकों में इन्वेस्टमेंट करवा दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि परिवार के बयान अभी नहीं हुए है। उनके मुताबिक बयान होने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**दो बड़े ठेकों में पेटी ठेकेदार बन उलझ गए अमरजीत-** अमरजीत को शहर में हुए दो बड़े आयोजन के ठेकों में पेटी ठेकेदार बनकर काम करना महंगा पड़ गया। इन आयोजनों के लिए पेवर ब्लॉक, न्यू वॉल पेंटिंग, पाइप, लोहे की जाली और चैम्बर्स के सौंदर्यीकरण का ठेका एक निजी कंपनी को मिला था।

आरोपी नगर निगम अधिकारी ने इस कंपनी से एप्रोच की। जिसके बाद यह काम पेटी ठेकेदार ( ठेका लेने वाली बड़ी कंपनियां लोकल ठेकेदारों को हायर करती हैं ) के रूप में अमरजीत सिंह भाटिया के पास आया। कमीशन के लालच में अफसर ने भाटिया को यह काम लेने के लिए तैयार किया था।

इस काम का बिल 5 करोड़ रुपए से ज्यादा का बना था। इसकी जानकारी नगर निगम की महिला अधिकारी को लगी, तो उन्होंने उक्त अधिकारी को बुला कर पूछताछ की। बाद में मामला बढ़ने के पहले ही उसे वीआरएस दे दिया गया। इसके बाद अमरजीत सिंह भाटिया का पेमेंट होल्ड कर दिया गया।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को वंदे मातरम उत्सव समिति के पदाधिकारियो ने विधानसभा निर्वाचन में प्रदेश में मिली सफलता के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। समिति के संरक्षक तथा भोपाल विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सुनील पांडे के नेतृत्व में समिति के अध्यक्ष पयोज जोशी, उपाध्यक्ष हेमंत कपूर तथा अखिलेश अर्गल व अन्य सदस्य गण ने समत्व भवन में मुख्यमंत्री श्री चौहान से भेंट की। वंदे मातरम उत्सव समिति राष्ट्रीय धार्मिक सामाजिक सांस्कृतिक जागरण तथा समाज सेवा की दिशा में सक्रिय संस्था है ।

## रेन बसेरों में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

**भोपाल।** राजधानी के विभिन्न रेन बसेरे में रहने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन 6 दिसंबर को किया गया । रेन बसेरे में रहने वाले लोगों की सुविधा का ध्यान रखते हुए यह शिविर देर रात तक संचालित किए गए। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन रेन बसेरा शाहजहानी पार्क एवं रेन बसेरा हमीदिया अस्पताल में किया गया। शिविर में ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, नेत्र रोग, त्वचा रोगों ,नाक कान गला रोगों की जांच कर निशुल्क दवाइयां दी गई । साथ ही लोगों की निशुल्क पैथोलॉजी जांचें भी गई।

स्वास्थ्य परीक्षण के लिए स्वास्थ्य विभाग भोपाल द्वारा चिकित्सकों नर्सिंग ऑफिसर एवं फार्मासिस्ट की ड्यूटी लगाई गई है।



एक दिवस पूर्व ही मुख्यमंत्री जी द्वारा भोपाल के रेन बसेरों का निरीक्षण कर यहां रहने वाले लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश दिए गए थे । इस दौरान कलेक्टर आशीष सिंह भी मुख्यमंत्रीजी के साथ थे। उनके मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा रैन बसेरा में रुकने वाले हितग्राहियों के जांच और उपचार के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ प्रभाकर तिवारी ने कहा कि इस श्रृंखला में आज हमीदिया व यादगार ए शाहजहानी पार्क के रैन बसेरे में रहने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जारी है। अन्य रैन बसेरों में भी इस तरह के शिविरों का आयोजन जारी रहेगा।

## नेशनल लोक अदालत शनिवार को, संपत्ति कर, बिजली चोरी के मामले भी निपटेंगे

**भोपाल।** इस साल की अंतिम नेशनल लोक अदालत शनिवार को लगाई जाएगी। नेशनल लोक अदालत में नगर निगम के संपत्ति कर और पानी के बिल के बकायादारों के साथ बिजली चोरी के मामलों का भी समझौते के साथ निपटारा होगा। बिजली चोरी से संबंधित प्रकरणों में समझौते के लिए बिजली कंपनी के दफ्तरों में शिविर लगाए जाएंगे।

संपत्ति कर और पानी के बिल के बकायादारों के लिए नगर निगम के वार्ड और जोन कार्यालयों में शिविर लगेंगे। नियमानुसार केवल पहली बार के बिजली चोरी के प्रकरणों में ही छूट दी जाती है। संपत्ति कर और पानी की बकाया राशि पर भी नियमों के अनुसार छूट दी जाएगी।

लोक आदालत का आदेश अंतिमः लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए एक प्रचार वाहन के अलावा शहर में फ्लैक्स भी लगाए गए हैं। लोक अदालत में प्रकरण का निराकरण होने से न्याय शुल्क वापस होता है। लोक अदालत का आदेश अंतिम होता है। इसके विरुद्ध अपील नहीं होती।

## आलमी तब्लीगी इज्तिमा कल से, एसडीएम संभालेंगे व्यवस्थाएं, सुरक्षा में तैनात रहेंगे 2200 जवान

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के ईंटखेड़ी स्थित घासीपुरा में कल यानी, 8 दिसंबर से शुरू हो रहे 74वें इज्तिमा में देशभर से करीब एक हजार जमातें शामिल होंगी। ये जमातें आना शुरू हो गई हैं। इज्तिमा में मुस्लिम धर्मगुरु तकरीरें (प्रवचन) करेंगे और अच्छी सीख देंगे। मंच से कोई भी सियासी बातें नहीं होंगी। इज्तिमा की शुरुआत नमाज के बाद होगी और नमाज से ही समापन हो जाएगा। इज्तिमा में चार दिन में करीब 10 लाख लोग जुटेंगे। इसलिए तैयारियां भी उसी हिसाब से की जा रही हैं।

300 एकड़ से ज्यादा एरिया में बड़े-बड़े पंडाल बनाए गए हैं। जहां जमातें रुकेंगी। बारिश से बचने के लिए टेंट को वाटर प्रूफ किया जा रहा है। वहीं, ठंड से राहत पाने के लिए अलाव भी जलेंगे। इज्तिमा के लिए कई जमातें एक सप्ताह पहले से ही भोपाल आ गईं, जो मस्जिदों में रुकी हुई है। बुधवार से ही जमातें इज्तिमा में आने लगी, लेकिन गुरुवार शाम तक ज्यादातर जमातें पहुंच जाएंगी। मुस्लिमजनों के लिए इस बार खाने में नॉनवेज भी रहेगा। पिछली बार सिर्फ वेज खाना ही था।





### सुरक्षा के इंतजाम

शुक्रवार से इटखेड़ी मे आयोजित होने वाले इज्तिमा के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था तथा मार्ग व्यवस्था के मद्देनजर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अवधेश गोस्वामी और डीआइजी देहात मोनिका शुक्ला द्वारा बुधवार को रात बैठक आयोजित की गई। इसमें शहर के सभी पुलिस उपायुक्त और देहात एसपी शामिल हुए। बैठक में इज्तिमा में देश एवं विदेश से आने वाली जनता की रुकने की व्यवस्था, रेल्वे स्टेशन, बस स्टेंड व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, मार्ग व्यवस्था इत्यादि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर तैयारियों की समीक्षा की गई एवं सजगता व संवेदनशीलता से सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु समुचित दिशा निर्देश दिए गए। हम बता दें कि इत्जिमा की सुरक्षा में करीब 22 सौ जवान तैनात किए जा रहे हैं और 26 अस्थाई पुलिस चौकियां बनाई जा रही है। इसके अलावा करीब 250 ट्रैफिक पुलिस कर्मी तैनात किए जा रहे हैं। पूरे आयोजन के दौरान सीसीटीवी कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जा रहा है।

### पाकिस्तान की जमात पर पाबंदी

आलमी तब्लीगी इज्तिमा में दुनियाभर की जमातें शामिल होती हैं। इनमें इंडोनेशिया, मलेशिया, बांग्लादेश, साउथ अफ्रीका, जार्डन, अफगानिस्तान, कनाडा, अमेरिका आदि देश शामिल होते हैं, लेकिन पाकिस्तान से बिगड़े ताल्लुकात के चलते पिछले कई सालों से यहां की जमातों पर पाबंदी लगा दी गई है। आलमी तब्लीगी इज्तिमा के प्रवक्ता अतीक उल इस्लाम ने बताया कि यह पाबंदी इस साल भी जारी रहेगी।

### सफाई व्यवस्था

इस बार नॉनवेज खाना भी मिलेगा। इसलिए सफाई व्यवस्था भी उसी हिसाब से की जाएगी। इसके लिए ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त किया गया है। बकायदा बड़े-बड़े चैंबर बनाए गए हैं। साथ ही निगम के कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है।

## दस राजधानी एक्सप्रेस की जगह वंदे भारत स्लीपर ट्रेन चलाई जाएंगी



**भोपाल।** भोपाल से गुजरने वाली 2 ट्रेनों समेत 10 राजधानी एक्सप्रेस को वंदे भारत स्लीपर ट्रेन से रिप्लेस करने की तैयारी है। इनके अलॉटमेंट की प्रक्रिया जनवरी में तो ट्रेनों के रैक का बदलाव मार्च में होगा। रेल मंत्रालय का कहना है कि वर्ष-2025 तक 100 से ज्यादा स्लीपर वंदे भारत ट्रेनें चलाने का प्लान है। वंदे भारत एक्सप्रेस स्लीपर ट्रेनों के कोच इस तरह से डिजाइन किए जा रहे हैं कि हर एक में एक-एक मिनी पेंट्री की व्यवस्था रहे।

साथ ही आधुनिकतम सुविधाओं से लैस लग्जरी क्वालिटी की कम से कम 51-51 बर्थ प्रत्येक कोच में रहें। हालांकि पहले चरण में केवल 16 कोच वाली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन चलाई जाएगी। पहले चरण में जिन राजधानी एक्सप्रेस ट्रेनों को वंदे भारत स्लीपर से रिप्लेस किया जाएगा, उनमें चेन्नई व बेंगलुरू राजधानी को शामिल किए जाने की भी संभावना है।

कई शहरों में यूनिट बनेगी सिटिंग और स्लीपर श्रेणी वाली वंदे भारत ट्रेनों के प्रोडक्शन के लिए अलग-अलग शहरों में यूनिट बनाई जा रही है। पूर्व में चेन्नई इंटीग्रल कोच फैक्टरी में ही स्लीपर श्रेणी कोच बनाए जाना थे, लेकिन तेज रफ्तार के साथ निर्माण कार्य हो सके, उसके लिए अलग-अलग शहरों में यूनिटें बनाई गई हैं।

